सत्यमेव जयते

मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण (ग्रामीण)
SURVEY OF CAUSES OF DEATH (RURAL)

वार्षिक रिपोर्ट 1991
ANNUAL REPORT 1991

भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय
OFFICE OF THE REGISTRAR GENERAL, INDIA
गृह मंत्रालय, नई दिल्ली
MINISTRY OF HOME AFFAIRS, NEW DELHI

श्रृंखला 3
अंक 24

मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण (ग्रामीण)
वार्षिक रिपोर्ट
1991

भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय
(जीवनांक प्रभाग)
गृह मंत्रालय
नई दिल्ली

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
प्रस्तावना		
अध्याय-I	परिचय	
1·1	भूमिका	1
1·2	पूर्ववृत्त	1
1·3	उद्देश्य	2
1·4	कार्यक्षेत्र	2
1·5	कार्यान्वयन एजेन्सी	2
1·6	क्रियाविधि	5
1·7	सर्वेक्षण की परिसीमाएं	6
अध्याय - II	आंकड़ों का विश्लेषण	
2·1	विवरणों का कवरेज	7
2·2	मुख्य कारण समूह (अखिल भारतीय)	9
2·3	राज्यों के अनुसार मुख्यकारण समूहों का विश्लेषण	11
2·4	आयु एंव स्त्री/पुरूष के अनुसार वितरण	14
2·5	मुख्य कारण समूहों के महत्वपूर्ण कारणों से मृत्यु	19
2·6	मृत्यु के दस चयित महत्वपूर्ण कारण	30
2·7	शिशु जन्म एवं गर्भावस्था से संबंधित कारण (मातृक मृत्युएं)	34

अध्याय - III मृत्यु के कारणों की क्षेत्रीय एवं राज्य स्तर की प्रोफाइल

3·1 क्षेत्र और कारणों की प्रोफाइल

3·18 आंध्र प्रदेश

3·30 बिहार

3·44 गुजरात

3·61 कर्नाटक

3·76 मध्य प्रदेश

3·92 महाराष्ट्र

3·104 उड़ीसा

3·116 पंजाब

3·130 राजस्थान

3·144 तमिलनाडु

3·165 उत्तर प्रदेश

प्रस्तावना

यह रिपोर्ट ग्रामीण क्षेत्रों में मृत्यु के कारणों के सर्वेक्षण के परिणामों की वार्षिक रिपोर्ट की श्रृंखला की 24वीं कडी है । यह वर्ष 1991 की रिपोर्ट है । पहले आदर्श रजिस्ट्रीकरण योजना के नाम से ज्ञात यह सर्वेक्षण भारत के चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सैम्पल ग्रामों में लगातार किया जाता है । इसमें सामान्य रोग निदान रिपोर्टिगं (ले डायग नोसिस रिपोर्टिगं) तकनीक अपनाई जाती है । सर्वेक्षण के कार्य के लिए संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के परा चिकित्सीय कार्मिकों को नियुक्त किया जाता है । ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा कार्मिकों की कमी के कारण मृत्यु के कारणों से संबंधित सांख्यिकी उपलब्ध नहीं हो पाती । इस अभाव को सर्वेक्षण के द्वारा पूरा करने के प्रयास किए गए हैं। वर्ष 1991 के दौरान 1303 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्वेक्षण किया गया और इन केन्द्रों से 22629 मृत्युएं सूचित की गई । वर्ष 1991 की वर्तमान रिपोर्ट में रिपोर्ट के प्रस्तुतिकरण एवं सांख्यिकी समीक्षा में राज्य एवं क्षेत्रीय स्तर के आंकड़े एवं विश्लेषण को शामिल किया गया है । रिपोर्ट के प्रथम अध्याय में सर्वेक्षण का प्रारम्भ, इसके उद्देश्य, क्रियाविधि एवं सर्वेक्षण की परिसीमाएं आदि की रूपरेखा दी गई है । अध्याय 2 में मृत्यु के 10 महत्वपूर्ण कारणों से हुई मृत्युओं के पैटर्न का विश्लेषण किया गया है । अध्याय 3 में क्षेत्रीय स्तर पर और चयित प्रमुख राज्यों में मृत्युओं के कारणों के प्रोफाइल का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है ।

यदि राज्यों के स्वास्थ्य एवं सांख्यिकीय विभागों ने तन्मयता से इस कार्य में सहयोग नहीं दिया होता तो 1965 से किया जा रहा यह सर्वेक्षण संभव नही हो पाता । अतः मैं उनको और विशेषकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारियों को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ । मैं श्री पी0एस0 टांक, उप महारजिस्ट्रार (एस0सी0डी0) के मार्गदर्शन में श्री जे0एस0 रस्तोगी, उप निदेशक जनगणना कार्य (तकनीकी) और श्रीमती बिमला मल्होत्रा, सहायक निदेशक (तकनीकी) के पर्यवेक्षण में कार्यरत मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण एकक के कर्मचारियों को भी इस सर्वेक्षण के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करने, राज्यों में सर्वेक्षण का कार्य कर रहे अधिकारियों को प्रशिक्षण देने तथा इस विश्लेषणात्मक रिपोर्ट को तैयार करने के लिए धन्यवाद देता हूँ ।

अमूल्य रत्न नन्द

भारत के महारजिस्ट्रार

नई दिल्ली

28 दिसम्बर, 1992

अध्याय-1

परिचय

1·1 भूमिका

1·1·1 मृत्यु सांख्यिकी का संकलन देश की जन्म-मृत्यु सांख्यिकी पद्धति का एक अभिन्न अंग है । मृत्यु-दर जनसंख्या की वृद्धि दर को प्रभावित करने वाला एक प्रमुख घटक है। साथ ही यह जनसांख्यिकी परिपेक्ष में अनेक महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती है जो देश की सामाजिक एवं आर्थिक परियोजनाओं को तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण है । मृत्यु के कारणों के पैटर्न से समाज की स्वास्थ्य सम्बन्धी स्थिति के बारे में जानकारी मिलती है जिसके आधार पर समाज को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है । आज भी चिकित्सा कार्मिकों तथा सुविधाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में अभाव होने के कारण मृत्यु के कारणों के चिकित्सीय प्रमाणीकरण के आधार पर मृत्यु के कारणों के आंकड़ों को इकट्ठा करना सम्भव नहीं है । इन ग्रामीण क्षेत्रों के मृत्यु के कारणों से सम्बन्धित आंकड़ों की कमी को कुछ सीमा तक प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारियों के माध्यम से चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के मुख्यालय ग्रामों में"सामान्य रोग निदान रिपोर्टिंग" पद्धति के द्वारा मृत्यु के कारणों का नियमित सैम्पल सर्वेक्षण के द्वारा पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है ।

1·2 पूर्ववृत

1·2·1 इस दिशा में भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय ने सातवें दशक में "आदर्श रजिस्ट्रीकरण योजना" नामक एक योजना प्रारम्भ की । इस योजना का प्रारम्भ सन् 1961 में आयोजित "जन्म-मृत्यु सांख्यिकी में सुधार लाने विषयक सम्मेलन" द्वारा की गई कुछ सिफारिशों के अनुसरण में किया गया था । वर्ष 1982 में "आदर्श रजिस्ट्रीकरण योजना" का नाम बदल कर "मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण {ग्रामीण}" कर दिया गया । इस सर्वेक्षण का आरम्भ सन् 1965 में सीमित रूप में किया गया और वर्ष 1966 में इसका विस्तार 10 राज्यों अर्थात आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार, केरल, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में किया गया। वर्ष 1967 में इस स्कीम को हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर,मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं उत्तर प्रदेश में शुरू किया गया ।

1·2·2 जन्म एवं मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रारों की तृतीय कान्फ्रेंस में सर्वेक्षण को प्रत्येक 10 लाख ग्रामीण जनसंख्या पर दो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के मुख्यालय ग्रामों के अनुपात में विस्तार करने पर विचार किया गया था। तदनुसार समस्त देश के 1200 स्वास्थ्य केन्द्रों की कवरेज बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया । इस प्रकार, 1981 की जनगणना की ग्रामीण जनसंख्या के आधार पर राज्यों के 1200 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्रामों का आबंटन किया गया । 1981 की जनगणना के अनुसार राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की ग्रामीण जनसंख्या के अनुसार क्षेत्रवार भी बांट दिया गया । इन क्षेत्रों से अभिप्राय नेशनल सैम्पल सर्वेक्षण द्वारा अपनाए गए 77 प्राकृतिक क्षेत्रों से था । यूनिटों का क्षेत्र वार आबंटन पूरा हो जाने के बाद सर्वेक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को चुनने का वास्तविक कार्य किया गया । क्षेत्रीय स्तर पर सर्कुलर सिस्टेमेटिक सिलेकशन पद्धति को अपनाया गया । इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक राज्य के प्राकृतिक भागों में पड़ने वाले जिलों को अलग-अलग प्राकृतिक भाग के लिए क्षेत्र के सभी जिलों में 1985 में कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची तैयार की गई और सर्पिल क्रम में जिलों को क्रमबद्ध किया गया ।

1·3 उद्देश्य

1·3·1 इस सर्वेक्षण का उद्देश्य मृत्यु के कारणों तथा उनसे प्रभावित स्त्री/पुरुष एवं आयु वर्ग के आधार पर आंकड़े एकत्रित कर "सामान्य रोग निदान पद्धति" के आधार पर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मृत्यु के कारणों का प्रोफाइल तैयार कर प्रस्तुत करना है ।

1·4 कार्यक्षेत्र

1·4 वर्ष 1991 में यह सर्वेक्षण 23 राज्यों तथा 2 संघ राज्यक्षत्रों के 1303 सैम्पल प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्रों के चयित ग्रामों में किया गया । सैम्पल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का ब्यौरा विवरण-1 में दिया गया है । अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह, चण्डीगढ़, मिजोरम, लक्षद्वीप, पाण्डिचेरी तथा सिक्किम में अभी सर्वेक्षण का कार्य नहीं किया गया है ।

1·5 कार्यान्वयन एजेन्सी

1·5·1 राज्य स्तर पर इस सर्वेक्षण के कार्यान्वयन का कार्य स्वास्थ्य सेवा एवं परिवार कल्याण निदेशालय तथा आर्थिक एवं सांख्यिकीय ब्यूरो करते हैं । अधिकांश राज्यों में यह निदेशालय जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत नियुक्त किए गए जन्म एवं मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार हैं । कार्यान्वयन करने वाली इन एजेन्सियों को राज्यवार विवरण-2 में दर्शाया गया है ।

विवरण-।

वर्ष ।990 और ।99। के दौरान राज्यवार सर्वेक्षण प्रारंभ करने का वर्ष, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सैम्पल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की कुलसंख्या

क्रम सं0	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	सर्वेक्षण आरम्भ करने का वर्ष	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की कुल संख्या (30·6·90)	सैम्पल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या	
				1990	1991
1	2	3	4	5	6
1·	आन्ध्र प्रदेश	1966	1283	82	82
2·	अरूणाचल प्रदेश	1974	28	3	3
3·	असम	1966	440	30	30
4·	बिहार	1966	2001	130	130
5·	गोवा	1974	20	4	4
6·	गुजरात	1966	706	100	100
7·	हरियाणा	1967	366	36	36
8·	हिमाचल प्रदेश	1967	201	24	24
9·	जम्मू और कश्मीर	1967	267	23	23
10·	कर्नाटक	1967	1133	52	52
11·	केरल	1966	886	50	50
12·	मध्य प्रदेश	1967	1181	100	100
13·	महाराष्ट्र	1967	1647	120	120
14·	मणिपुर	1980	68	10	10
15·	मेघालय	1974	71	10	10
16·	नागालैंड	1977	33	10	10
17·	उड़ीसा	1966	924	46	46
18·	पंजाब	1966	2036	56	56
19·	राजस्थान	1966	1048	54	54
20·	तमिलनाडु	1966	1386	64	64
21·	त्रिपुरा	1974	49	10	10
22·	उत्तर प्रदेश	1967	3103	215	215
23·	पश्चिम बंगाल	1966	1535	66	66
24·	दादरा और नागर हवेली	1985	5	3	3
25·	दिल्ली	1967	8	7	5
	भारत		20532	1305	1303

भारत में ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी पर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, नई दिल्ली के जून 1990 के बुलेटिन (पृ0 28) से उधृत ।

विवरण-2

राज्यो में मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण (ग्रामीण) का
कार्यान्वयन करने वाली एजेन्सियां ।

क्र0सं0	राज्य	कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी (निदेशालय)
1	2	3
1.	आन्ध्र प्रदेश	स्वास्थ्य निदेशालय
2.	अरूणाचल प्रदेश	आर्थिक एवं सांख्यकी निदेशालय
3.	असम	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
4.	बिहार	सांख्यिकीय एवं मूल्यांकन निदेशालय
5.	गोवा	स्वास्थ्य सेवानिदेशालय
6.	गुजरात	स्वास्थ्य सेवा आयुक्त
7.	हरियाणा	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
8.	हिमाचल प्रदेश	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
9.	जम्मू एवं कश्मीर	आर्थिक एवं सांख्यिकीय ब्यूरो
10.	कर्नाटक	आर्थिक एवं सांख्यिकीय ब्यूरो
11.	केरल	आर्थिक एवं सांख्यिकीय ब्यूरो
12.	मध्य प्रदेश	आर्थिक एवं सांख्यिकीय ब्यूरो
13.	महाराष्ट्र	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
14.	मणिपुर	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
15.	मेघालय	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
16.	नागालैण्ड	आर्थिक एवं सांख्यिकीय ब्यूरो
17.	उड़ीसा	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
18.	पंजाब	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
19.	राजस्थान	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय
20.	तमिलनाडु	लोक स्वास्थ्य एवं प्रीवेन्टिव मेडीसन निदेशालय
21.	त्रिपुरा	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
22.	उत्तर प्रदेश	स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
23.	पश्चिम बंगाल	स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो
24.	दादरा एवं नागर हवेली	मुख्य चिकित्सा अधिकारी
25.	दिल्ली	नगर निगम

1·6 कियाविधि

1·6·1 इस सर्वेक्षण का क्षेत्रीय कार्य (फील्ड वर्क) चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रशिक्षित परा-चिकित्सीय कार्मिकों (जिन्हें फील्ड एजेंट कहा जाता है) द्वारा किया जाता है । इस क्षेत्रीय कार्य का क्षेत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सैम्पल ग्राम तक ही सीमित होता है । फील्ड एजेंट अपने कार्य के दौरान समय समय पर अपने सर्वेक्षण क्षेत्र में नियुक्त स्थानीय सूचनादाता से मिल कर जन्मों और मृत्युओं की घटनाओं की जानकारी प्राप्त करते हैं । उसके आधार पर फील्ड एजेंट जिस घर में मृत्यु हुई है उस परिवार में जाकर मृत्यु के पूर्व रोगी के रोग के लक्षणों तथा उसकी शारीरिक स्थिति के बारे में प्रश्न पूछते हैं तथा इन लक्षणों के आधार पर सम्भावित बीमारी अथवा मृत्यु के कारणों का पता लगाते हैं । इन फील्ड एजेंटों को मृत्यु के कारणों की गैर-चिकित्सीय सूची को ध्यान में रखकर अन्वेषणात्मक पद्धति के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है और भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय द्वारा तैयार की गई गैर-चिकित्सीय सूची से रोगों का वर्गीकरण करने में मार्गदर्शन दिया जाता है । इस गैर-चिकित्सीय सूची में परिचित तथा पहचानने योग्य बीमारियों को मिलते-जुलते रोग लक्षण समूहों के आधार पर समूहबद्ध किया गया है । मृत्यु का कारण क्या है यह निर्धारित करने के लिए सबसे पहले "सामान्य रोग निदान रिपोर्टिंग पद्धति" के अनुसार मृत्यु के कारणों को मुख्य कारण समूह में वर्गीकृत किया जाता है, फिर क्रमवार रोग लक्षण के अनुसार मृत्यु के विशिष्ट कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जाता है । प्रा0स्वा0 केन्द्र का एक अन्य कर्मचारी, जिसे इस सर्वेक्षण में रिकार्डर कहते हैं, सर्वेक्षण क्षेत्र का आधारभूत सर्वेक्षण करता है जिसका आधार रिकार्डर द्वारा तैयार किया गया नजरी नक्शा होता है । वह सर्वेक्षण आरम्भ होने के 6 मास के उपरांत सर्वेक्षण क्षेत्र की जन्मों एवं मृत्युओं की सभी घटनाओं की पूर्ण गणना करता है जिसके आधार पर प्रत्येक परिवार सूची, नजरी नक्शा आदि को अद्यतन बनाता है । इसके अलावा रिकार्डर प्रत्येक माह फील्ड एजेंट द्वारा जन्म तथा मृत्यु की घटनाओं के लिए बनाए गए रजिस्टरों की जांच करता है । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मृत्यु रजिस्टरों, प्रत्येक मृत्यु के लिए दर्ज किए गए लक्षणों और मृत्यु के सम्भावित कारण की समीक्षा करता है । वह एक माह में दर्ज की गई मृत्यु की कुल घटनाओं के दसवें भाग अथवा कम से कम 2 घटनाओं (इनमें जो भी संख्या में अधिक हो) की संबंधित परिवार में जाकर स्वतंत्र रूप से जांच करता है । उसके उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा जन्म व मृत्यु के रजिस्टरों की प्रविष्टि की प्रतियों को राज्य के मुख्यालय में भेज दिया जाता है जिससे कि आंकड़ों को महीने-वार समेकित किया जा सके । तत्पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर समेकित किए जाने के लिए उन्हें भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय में भेज दिया जाता है ।

1·7 सर्वेक्षण की परिसीमाएं

1·7·1 निर्धारित गैर-चिकित्सा सूची के संदर्भ में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के परा-चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा मृत्यु के कारणों का लक्षण के आधार पर निर्धारण एवं सम्भावित कारण को पहचानना, वास्तविक मृत्यु के कारण का प्रतीक मात्र है । मृत्यु का वास्तविक एवं निश्चित कारण चिकित्सीय प्रमाणीकरण की प्रक्रिया द्वारा तभी जाना जा सकता है जबकि मृतक की अंतिम बीमारी के दौरान चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई हो । परिवार के सदस्यों द्वारा मृत्यु के लक्षणों के संबंध में दी गई जानकारी की विश्वसनीयता उनके सहयोग और सुसंगत विवरण पर आधारित होती है । साथ ही यह इस बात पर निर्भर है कि फील्ड एजेन्ट को मृत्यु के कारणों के लक्षणों का कार्यसाधक ज्ञान हो । इस सर्वेक्षण के परिणामों से प्राप्त मृत्यु के कारणों के आंकड़ों की विश्वसनीयता उत्तरदाता द्वारा लक्षणों और परिस्थितियों को प्रस्तुत करने पर आधारित है । तथापि, फील्ड एजेन्ट द्वारा ईमानदारी से की गई जांच पड़ताल और जांच सूची के प्रयोग से अच्छे परिणाम निकलते हैं ।

1·7·2 60 वर्ष से अधिक की आयु होने पर तथा गैर-चिकित्सा सूची में विहित स्पष्ट कारणों के न होने पर मृत्यु के कारण के रूप में "बुढ़ापे" का ही उल्लेख किया जाता है । हो सकता है चिकित्सा अधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण न किए जाने की स्थिति में क्षेत्रीय एजेंट आमतौर पर बुढ़ापे को ही मृत्यु का कारण बताते रहे हों ।

1·7·3 इस सर्वेक्षण के अन्तर्गत यह बताना सम्भव नहीं है कि सर्वेक्षण क्षेत्र की सभी मृत्युओं को सूचित किया गया है अथवा नहीं क्योंकि सर्वेक्षण क्षेत्रों का अर्ध-वार्षिक सर्वेक्षण, परिवार सूची का परिशोधन अथवा स्वतंत्र रूप से मृत्युओं की लिस्टिंग का कार्य सभी राज्यों में नहीं किया जाता है ।

अध्याय - 2

आंकड़ों का विश्लेषण

2·1 विवरणियों की कवरेज

2·1 राज्यों से प्राप्त मासिक विवरणियों का प्रतिशत एक दूसरे से भिन्न भिन्न है । वर्ष 1991 के लिए सर्वेक्षण आंकड़े आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोवा, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, दादरा और नागर हवेली और दिल्ली से 95 प्रतिशत से अधिक प्राप्त हुए हैं । बिहार, मध्य प्रदेश, मणिपुर और पंजाब राज्यों से सर्वेक्षण के मासिक प्रतिवेदनों की प्राप्ति 80 से 95 प्रतिशत तक है । गुजरात (73·0 प्रतिशत), हिमाचल प्रदेश (72·9 प्रतिशत) और मेघालय (56·7 प्रतिशत) से 80 प्रतिशत से कम मासिक प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं । जम्मू और कश्मीर, नागालैण्ड, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल से कोई भी प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है । वर्ष 1991 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेक्षण के आंकड़ों का विश्लेषण कुल संभावित मासिक प्रतिवेदनों के 83·3 प्रतिशत पर आधारित है ।

2·1·2 वर्ष 1990 और 1991 के लिए राज्यवार चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या, सम्भावित और प्राप्त मासिक प्रतिवेदन, सूचित मृत्युओं की संख्या विवरण-3 में दी गई है । इस विवरण से यह पता चलता है कि पूर्ववर्ती अधिकांश राज्यों में मासिक प्रतिवेदनों की प्राप्ति में सुधार हुआ है । यह भी पाया गया है कि मणिपुर और पंजाब को छोड़कर सभी राज्यों से गत वर्ष की तुलना में 1991 के दौरान अधिक मृत्युएं सूचित की गई । जम्मू और कश्मीर, नागालैंड और त्रिपुरा राज्यों में प्रशासनिक कारणों से सर्वेक्षण नहीं किया जा सका । वर्ष 1991 के दौरान सैम्पल ग्रामों से कुल 22,629 मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1990 के दौरान 21,028 मृत्युएं सूचित की गई थी । (सांख्यिकी 1 देखें)।

विवरण-3

सैम्पल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की राज्यवार कवरेज, सम्भावित और प्राप्त मासिक विवरण और सूचित की गई मृत्युओं की संख्या-1990 और 1991

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	आबंटित सैम्पल प्रा0 स्वा0 केन्द्र ग्रामों की संख्या	मासिक विवरणियां		प्राप्त मासिक विवरणों का प्रतिशत		सूचित की गई मृत्युओं की संख्या	
			सम्भावित	प्राप्त				
			1990	1991	1990	1991	1990	1991
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.
1.	आन्ध्र प्रदेश	82	984	967	984	98.3	100.0	1448	1750
2.	अरूणाचल प्रदेश	3	36	36	36	100.0	100.0	7	12
3.	असम	30	360	328	340	91.1	94.4	239	274
4.	बिहार	130	1560	1165	1250	74.7	80.1	1290	1316
5.	गोवा	4	48	48	48	100.0	100.0	65	85
6.	गुजरात	100	1200	938	876	78.2	73.0	1790	1798
7.	हरियाणा	36	432	431	425	99.8	98.4	499	533
8.	हिमाचल प्रदेश	24	288	224	210	77.8	72.9	160	206
9.	जम्मू और कश्मीर	23	276	130	अप्रा0	47.1	अप्रा0	117	अप्रा0
10.	कर्नाटक	52	624	624	624	100.0	100.0	872	916
11.	केरल	50	600	600	591	100.0	98.5	417	474
12.	मध्य प्रदेश	100	1200	972	1020	81.0	85.0	1570	1632
13.	महाराष्ट्र	120	1440	1440	1440	100.0	100.0	4449	4786
14.	मणिपुर	10	120	120	96	100.0	80.0	44	43
15.	मेघालय	10	120	26	68	21.7	56.7	25	171
16.	नागालैण्ड	10	120	अप्रा0	अप्रा0	0.0	अप्रा0	अप्रा0	अप्रा0
17.	उड़ीसा	46	552	552	552	100.0	100.0	1104	1301
18.	पंजाब	56	672	605	573	90.0	85.3	1065	995
19.	राजस्थान	54	648	644	623	99.4	96.1	1380	1388
20.	तमिलनाडु	64	768	768	768	100.0	100.0	1470	1538
21.	त्रिपुरा	10	120	91	अप्रा0	75.8	अप्रा0	40	अप्रा0
22.	उत्तर प्रदेश	215	2580	2527	2450	97.9	95.0	2572	2885
23.	पश्चिम बंगाल	66	792	124	अप्रा0	15.7	अप्रा0	37	अप्रा0
24.	दादरा और नागर हवेली	3	36	36	36	100.0	100.0	327	469
25.	दिल्ली	5	84	60	84	71.4	100.0	41	57
	भारत	1303	15660	13875	13050	86.0	83.3	21028	22629

अप्रा0 = अप्राप्त

विवरण-6

2·2 मुख्य कारण समूह (अखिल भारतीय)

2·2·1 सर्वेक्षण द्वारा उपलब्ध कराई गई अत्यन्त उपयोगी जानकारी का सम्बन्ध गैर-चिकित्सीय सूचो के अनुसार मृत्यु के मुख्य कारण समूह बार मृत्यु के वितरण से है । वैयक्तिक रूप से इन में उन विशिष्ट बीमारियों की संख्या सम्मलित है जिनके सहभागी लक्षण बीमारी की चरम सीमा पर दिखाई देते हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में मृत्यु के कारणों के स्वरूप का अध्ययन करने के लिए ये वर्गीकरण संगत और उपयोगी हैं ।

2·2·2 पिछले पांच वर्षो में मृख्य कारण समूहों द्वारा मृत्युओं के प्रतिशत को विवरण-4 में प्रस्तुत किया गया है । उसमें मुख्य कारण समूहों के महत्व को दर्शित करने के लिए वर्ष 1991 में मृत्यु के प्रतिशत के घटते क्रम में व्यवस्थित किया गया है । मुख्य कारण समूह "बुढ़ापा" वर्ष 1990 में 24·4 प्रतिशत था जो वर्ष 1991 में 23·7 प्रतिशत मामूली कमी होने के बाद भी प्रथम स्थान पर है । मुख्य कारण समूह खांसी (श्वसन क्रिया के विकार) 18·9 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है । मृत्युओं में रक्त-वह-तन्त्र की 11·1 प्रतिशत की भागीदारी रही । बाल्यावस्था के विशिष्ट रोग मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत वर्ष 1990 के दौरान 9·8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी जो 1991 में 10·2 प्रतिशत हो गई । "दुर्घटना एवं चोट"के कारण मृत्युएं 8·5 प्रतिशत, ज्वर से 7·3 प्रतिशत और केन्द्रीय नाड़ी तन्त्र के विकार से 4·4 प्रतिशत वर्ष 1990 के समान ही रहीं । शिशु जन्म और गर्भावस्था में मृत्यु के कारण मृत्युओं में वर्ष 1990 के 1·0 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 1991 में मामूली सी वृद्धि 1·1 प्रतिशत की हुई है ।

विवरण-4

भारत (ग्रामीण) में मुख्य कारण समूहों के अनुसार मृत्युओं के प्रतिशत का विवरण-1987-1991

क्र0सं0	मुख्य कारण समूह	1987	1988	1989	1990	1991
1.	बुढ़ापा	23.0	24.7	23.8	24.4	23.8
2.	खांसी (श्वसन क्रिया के विकार)	20.0	20.3	20.2	18.8	18.9
3.	रक्त-वह-तंत्र के रोग	9.5	10.0	10.9	11.1	11.1
4.	बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	10.2	9.8	9.8	9.8	10.2
5.	दुर्घटना और चोट	6.5	6.5	7.4	8.5	8.5
6.	अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	9.3	8.8	8.2	8.5	8.3
7.	ज्वर	9.4	8.0	7.4	7.3	7.3
8.	पाचन क्रिया के विकार	7.2	6.5	6.6	6.2	6.4
9.	केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार	3.9	4.6	4.8	4.3	4.4
10.	शिशु जन्म और गर्भावस्था	1.0	0.8	0.9	1.0	1.1
	समस्त कारण	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

2.2.3 परिशिष्ट की सारणी 2 में वर्ष 1991 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कारण समूहों के अन्तर्गत उप कारणों में सूचित मृत्युओं का वितरण किया गया है । मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत मृत्युओं के विशेष कारणों पर आगे दिए गए अनुच्छेदों में चर्चा की गई है ।

2.2.4 "खांसी" (श्वसन क्रिया के विकार) कारण समूह में फेफड़ों के क्षय रोग, ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा, निमोनिया, कुकर खांसी तथा श्वसन क्रिया के रोग के अन्य विकार शामिल हैं जिसके कारण कुल मृत्युओं को 18.9 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । "खांसी" कारण समूह के कारण इस वर्ष 4272 मृत्युएं सूचित की गई हैं जिनमें 43.5 प्रतिशत मृत्युएं ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा के कारण, 28.1 प्रतिशत फेफड़ों के क्षय रोग से तथा 24.6 प्रतिशत निमोनिया के कारण हुई हैं ।

2·2·5 "रक्त-वह-तन्त्र के रोग" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत कुल मृत्युओं का 11·1 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । मुख्य कारण समूह में "दिल के दौरे" से इस वर्ष 52·2 प्रतिशत तथा रक्त की कमी के कारण 26·9 प्रतिशत और अन्य हृदय रोगों के कारण 20·9 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं। विवरण-10 में इनका विवरण दिया गया है ।

2·2·6 "बाल्यावस्था के विशिष्ट रोगों" के कारण इस वर्ष 10·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । इस कारण समूह में "अपरिपक्व अवस्था में शिशु जन्म" के कारण 48·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित हुई हैं । इसके बाद नवजात शिशुओं में श्वास क्रिया का संक्रमण 15·4 प्रतिशत, नवजात शिशुओं में "अतिसार" के कारण 6·8 प्रतिशत तथा मेरूदण्ड के संक्रमण से 4·3 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं जिन्हें विवरण-12 में दर्शित किया गया है ।

2·2·7 "ज्वर" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत मलेरिया, इन्फलुएंजा तथा टाइफाइड शामिल हैं । वर्ष 1991 में "टाइफाइड" के कारण सबसे अधिक मृत्युएं हुई जोकि 23·0 प्रतिशत थी। इसके बाद मलेरिया से 18·0 प्रतिशत तथा इन्फलुंजा से 11·5 प्रतिशत थी । "अवर्गीकृत ज्वर" से 1990 में मृत्युएं 56·9 प्रतिशत थीं जो 1991 में 47·5 प्रतिशत रह गई। इन्हें विवरण-13 में दर्शित किया गया है ।

2·2·8 "पाचन क्रिया के विकार" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत 1990 में कुल मृत्युओं का 6·4 प्रतिशत वर्ष मृत्युएं सूचित की गई । इस मुख्य कारण समूह में "सख्त पेट दर्द" और गेस्टोएन्ट्राइटस के कारण दोनों में ही 29·5 प्रतिशत मृत्युएं, पेचिश से 17·8 प्रतिशत तथा "पेप्टिक अल्सर" से 11·0 प्रतिशत सूचित की गई जिन्हें विवरण-14 में दर्शित किया गया है ।

2·2·9 "दुर्घटना एवं चोट" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत वर्ष 1991 की कुल सूचित मृत्युओं का 8·5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । इस मुख्य कारण की मृत्युओं का 22·6 प्रतिशत बाहन दुर्घटनाओं के कारण, इसके बाद आत्म-हत्या से 16·6 प्रतिशत, जलने से 14·1 प्रतिशत, डूबने से 11·6 प्रतिशत तथा सांप के काटने से 7·6 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं जिन्हें विवरण-15 में दर्शित किया गया है।

2·3 राज्यों के अनुसार मुख्य कारण समूहों का विश्लेषण

2·3·1 राज्यों में ग्रामीण जनसंख्या के मृत्यु के कारणों के प्रोफाइल के अध्ययन के लिए उन्हीं राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को शामिल किया गया है जिन राज्यों से सर्वेक्षण के अंतर्गत सूचित

मृत्युओं की एक प्रतिशत से अधिक मृत्युएं सूचित की गई हैं । विवरण 5 में राज्यों में मुख्य कारण समूह के अनुसार मृत्युओं का वितरण प्रस्तुत किया गया है ।

2·3·2 राष्ट्रीय स्तर पर "बुढ़ापा" कारण समूह से कुल मृत्युओं का 23·8 प्रतिशत सूचित किया गया है । राष्ट्रीय स्तर से अधिक "बुढ़ापे" के अन्तर्गत मृत्युएं गुजरात 29·5 प्रतिशत, कर्नाटक 25·3 प्रतिशत, महाराष्ट्र 31·3 प्रतिशत और बिहार 24·8 प्रतिशत सूचित की गई । पिछले वर्षों की भांति इस मुख्य कारण के अन्तर्गत सबसे कम प्रतिशत 7·2 प्रतिशत केरल राज्य से सूचित किया गया है ।

2·3·3 "खांसी" (श्वसन क्रिया के विकार) के कारण मृत्युओं के राष्ट्रीय स्तर 18·9 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत राजस्थान 28·8 प्रतिशत, हरियाणा 27·0 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 22·5 प्रतिशत और सबसे कम प्रतिशत पंजाब से सूचित किया गया है ।

2·3·4 "रक्त-वह-तन्त्र के रोग" कारण समूह के कारण राष्ट्रीय स्तर 11·1 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत केरल 22·1 प्रतिशत, तमिलनाडु 21·2 प्रतिशत, उड़ीसा 18·7 प्रतिशत तथा पंजाब 15·4 प्रतिशत सूचित किया गया । इस समूह में कम प्रतिशत दादरा व नागर हवेली 5·3 प्रतिशत, हरियाणा 6·2 प्रतिशत और राजस्थान से 8·1 प्रतिशत सूचित किया गया ।

2·3·5 "बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियों" के कारण समूह के अन्तर्गत राज्य स्तर पर मृत्युओं के प्रतिशत में काफी उतार चढ़ाव पाए गए हैं । मृत्युओं का राष्ट्रीय औसत इस वर्ष 10·2 प्रतिशत रहा है । इससे अधिक मृत्युओं का प्रतिशत दादरा और नागर हवेली 14·5 प्रतिशत, राजस्थान 13·8 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र 13·3 प्रतिशत, हरियाणा 11·5 प्रतिशत और कर्नाटक से 11·2 प्रतिशत सूचित किया गया है ।

2·3·6 "दुर्घटना एवं चोट के कारण" इस वर्ष कुल मृत्युओं का 8·5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । इससे अधिक प्रतिशत में ये मृत्युएं पंजाब 12·2 प्रतिशत, केरल 11·4 प्रतिशत, दादरा और नागर हवेली 10·5 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 9·9 प्रतिशत, आन्ध्र प्रदेश 9·5 प्रतिशत और महाराष्ट्र में 9·2 प्रतिशत हुई हैं ।

2·3·7 "अन्य स्पष्ट लक्षणों के कारण" के अन्तर्गत 8·3 प्रतिशत मृत्युएं राष्ट्रीय स्तर पर सूचित की गई हैं । इससे अधिक प्रतिशत में मृत्युएं केरल 12·8 प्रतिशत, कर्नाटक 10·6 प्रतिशत, बिहार 9·9 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

विवरण-5

भारत, विभिन्न राज्यों में मृत्यु के प्रमुख कारण समूहों के अनुसार मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण-1991

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	मुख्य कारण समूह										
		बुढ़ापा	खांसी§श्वास क्रिया के विकार§	रक्त-वह-तंत्र के रोग	बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	दुर्घटना एंव चोट	अन्य स्पष्ट लक्षण	बुखार	पाचन क्रिया के विकार	केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के रोग	शिशु जन्म एवं गर्भावस्था §मातृक मृत्यु§	कुल कारण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1.	आन्ध्र प्रदेश	22.1	16.3	12.3	9.8	9.5	10.1	4.9	6.4	7.7	0.9	100.0
2.	असम	21.2	20.4	9.9	7.3	5.1	9.1	6.6	17.5	2.2	0.7	100.0
3.	बिहार	24.8	16.2	10.5	4.7	8.7	9.9	11.2	8.4	3.0	2.6	100.0
4.	गुजरात	29.5	20.4	8.4	9.1	7.6	10.1	6.7	3.0	4.3	0.9	100.0
5.	हरियाणा	18.0	27.0	6.2	11.5	9.0	7.7	11.8	5.6	1.9	1.3	100.0
6.	कर्नाटक	25.3	19.7	12.3	11.2	6.5	10.6	3.7	5.0	5.4	0.3	100.0
7.	केरल	7.2	17.3	22.1	4.2	11.4	12.8	0.6	3.2	14.6	0.6	100.0
8.	मध्य प्रदेश	0.7	20.4	7.9	8.4	6.9	6.0	16.7	8.5	3.4	1.1	100.0
9.	महाराष्ट्र	11.3	17.7	8.8	13.3	9.2	8.8	2.6	3.3	3.9	1.1	100.0
10.	उड़ीसा	16.1	15.4	18.7	11.3	5.2	9.6	5.5	9.3	7.6	1.3	100.0
11.	पंजाब	20.8	11.7	15.4	1.8	12.8	6.0	23.9	4.3	3.6	0.3	100.0
12.	राजस्थान	23.3	28.8	8.1	13.8	6.9	5.0	7.3	4.2	2.2	1.4	100.0
13.	तमिलनाडु	20.9	13.1	21.2	7.1	7.7	9.6	6.0	6.9	7.0	0.5	100.0
14.	उत्तर प्रदेश	21.7	22.5	6.7	13.3	9.9	5.9	7.3	8.9	2.2	1.6	100.0
15.	दादरा और नागर हवेली	24.7	17.1	5.3	14.5	10.5	3.4	4.3	16.6	2.8	0.9	100.0
	भारत	23.8	18.9	11.1	10.2	8.5	8.3	7.3	6.4	4.4	1.1	100.0

2·3·8 "ज्वर" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर 7·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं। इस मुख्य कारण समूह से इससे अधिक मृत्युएं पंजाब 23·9 प्रतिशत, मध्य प्रदेश 16·7 प्रतिशत, हरियाणा 11·8 प्रतिशत तथा बिहार में 11·2 प्रतिशत हुई हैं ।

2·3·9 "पाचन क्रिया के विकार" के अन्तर्गत 6·4 प्रतिशत के राष्ट्रीय स्तर से अधिक मृत्युएं असम 17·5 प्रतिशत, उड़ीसा 9·3 प्रतिशत, दादरा एवं नागर हवेली 16·6 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 8·9 प्रतिशत हुई हैं ।

2·3·10 "केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार" जिसमें मुख्य रूप से "लकवा" एवं "मैनिनजाइटिस" शामिल हैं, में वर्ष में 4·4 प्रतिशत कुल मृत्युएं राष्ट्रीय स्तर पर सूचित की गई हैं । इससे अधिक मृत्युएं केरल 14·6 प्रतिशत, आन्ध्र प्रदेश 7·7 प्रतिशत, उड़ीसा 7·6 प्रतिशत तथा तमिलनाडु राज्य में 7·0 प्रतिशत हुई हैं ।

2·4 आयु एवं स्त्री/पुरूष के अनुसार वितरण

2·4·1 मृत्यु के कारणों की प्रवृत्ति का अध्ययन करने के लिए आयु वर्ग समूह एवं स्त्री/पुरूष के अनुसार मृत्युओं के वितरण का ज्ञान बहुत ही आवश्यक है । इस आधार पर मृत्युओं का आयु वर्ग एवं स्त्री/पुरूष के अनुसार विवरण-6 में वर्ष 1987 तथा 1991 के 5 वर्ष के अन्तराल के लिए वितरण दिया गया है । विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष 1987 और 1991 में पुरूषों की मृत्युओं का प्रतिशत कुल मृत्युओं में 55·7 प्रतिशत था । चित्र II में आयु वर्ग एवं स्त्री/पुरूष के अनुसार मृत्युओं को दर्शित किया गया है ।

2·4·2 वर्ष 1991 में सूचित की गई मृत्युएं (22629) 11·8 प्रतिशत हैं जो कि वर्ष 1987 की मृत्यु संख्या (20241) से अधिक है । इनमें से 60 वर्ष से अधिक उम्र के मृतकों का प्रतिशत दोनों लिंगों के लिए 45·7 प्रतिशत है जोकि वर्ष 1987 में सूचित 43·7 प्रतिशत से अधिक है । इसके विपरीत शिशुओं एवं बालकों दोनों को मिलाकर मृत्युएं 1991 में 1987 से कम सूचित की गई हैं ।

विवरण-6

राष्ट्रीय स्तर पर आयु समूह एवं स्त्री/पुरूष के अनुसार सूचित मृत्युओं की संख्या एवं प्रतिशत - वर्ष 1987-1991

आयु समूह (वर्ष)	1987			1991		
	व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियां
1	2	3	4	5	6	7
1 वर्ष से कम	3232	1744	1488	3408	1833	1575
	(16.0)	(15.5)	(16.6)	(15.1)	(14.5)	(15.7)
1 - 4	1741	793	948	1303	604	699
	(8.6)	(7.0)	(10.6)	(5.8)	(4.8)	(7.0)
5 - 14	980	547	433	1092	548	544
	(4.8)	(4.9)	4.8	4.8	4.3	5.4
15 - 24	941	440	501	1144	559	585
	4.6	(3.9)	(5.6)	(5.1)	(4.4)	(5.8)
25 - 34	1084	567	557	1397	729	668
	(5.4)	(5.0)	(5.8)	(6.2)	(5.8)	6.7
35 - 44	1176	696	480	1515	804	511
	(5.8)	(6.2)	(5.3)	(5.8)	(6.4)	(5.1)
45 - 59	2250	1459	791	2629	1694	935
	(11.1)	(12.9)	(8.8)	(11.6)	(13.4)	(9.3)
60 +	8833	5022	3815	10341	5833	4508
	(43.7)	(44.6)	42.5	(45.7)	(46.3)	(45.0)
योग	20241	11268	8973	22629	12604	10025
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

विवरण-7

आयु समूह के अनुसार मृत्युओं का प्रतिशत वितरण-1991

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	आयु समूह वर्षों में								
		0-1	1-4	5-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+	योग
1.	आन्ध्र प्रदेश	9.8	2.9	3.7	6.5	5.7	5.5	12.8	53.1	100.0
2.	अरूणाचल प्रदेश	0.0	8.3	25.0	0.0	8.3	0.0	50.0	8.3	100.0
3.	असम	14.6	3.3	4.4	3.3	5.5	2.6	16.1	50.4	100.0
4.	बिहार	14.7	6.5	6.8	3.4	7.8	7.1	10.9	42.9	100.0
5.	गोवा	2.4	1.2	0.0	4.7	4.7	4.7	18.8	63.5	100.0
6.	गुजरात	12.9	4.3	2.9	5.5	6.3	6.6	14.8	46.7	100.0
7.	हरियाणा	17.4	7.5	5.6	6.8	6.4	4.9	8.8	42.6	100.0
8.	हिमाचल प्रदेश	14.6	0.5	1.9	4.4	7.3	6.3	10.7	54.4	100.0
9.	जम्मू और कश्मीर				अप्राप्त					
10.	कर्नाटक	14.6	5.9	4.5	3.1	3.5	5.1	11.0	52.3	100.0
11.	केरल	5.9	1.3	1.5	1.9	5.9	3.2	16.7	63.7	100.0
12.	मध्य प्रदेश	16.9	6.3	6.1	4.5	5.9	6.0	9.9	44.4	100.0
13.	महाराष्ट्र	16.5	4.6	4.1	5.4	7.0	6.1	9.9	46.2	100.0
14.	मणिपुर	0.0	11.6	7.0	2.3	2.3	18.6	23.3	34.9	100.0
15.	मेघालय	17.5	14.0	10.5	4.7	9.4	5.3	10.5	28.1	100.0
16.	नागालैण्ड				अप्राप्त					
17.	उड़ीसा	17.8	6.5	6.1	5.7	6.0	5.3	13.3	39.4	100.0
8.	पंजाब	7.7	2.3	3.3	5.7	7.5	6.4	11.7	55.3	100.0
19.	राजस्थान	23.1	9.4	5.0	3.6	5.0	4.1	9.6	40.1	100.0
20.	तमिलनाडु	8.3	2.5	1.6	5.3	5.3	7.5	16.6	53.0	100.0
21.	त्रिपुरा				अप्राप्त					
22.	उत्तर प्रदेश	18.0	10.7	7.9	6.1	5.5	5.2	9.6	37.1	100.0
23.	पश्चिम बंगाल				अप्राप्त					
24.	दादरा और नागर हवेली	23.7	8.7	7.9	1.9	7.2	5.1	11.7	33.7	100.0
25.	दिल्ली	1.8	0.0	0.0	3.5	8.8	12.3	17.5	56.1	100.0
	भारत	15.1	5.8	4.8	5.1	6.2	5.8	11.6	45.7	100.0

2·4·3 विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से सूचित मृत्युओं का आयु वर्ग के अनुसार विवरण-7 में वितरण प्रस्तुत किया गया है। 45·7 राष्ट्रीय स्तर से अधिक वृद्धावस्था की मृत्युएं केरल 63·7 प्रतिशत, पंजाब 55·3 प्रतिशत, आन्ध्र प्रदेश 53·1 प्रतिशत तथा तमिलनाडु से 53·0 प्रतिशत सूचित की गई हैं जबकि राष्ट्रीय स्तर से कम प्रतिशत में उत्तर प्रदेश 37·1 प्रतिशत, हरियाणा 42·6 प्रतिशत, बिहार 42·9 प्रतिशत तथा मध्य प्रदेश से 44·4 प्रतिशत सूचित की गई हैं ।

2·4·4 राष्ट्रीय स्तर 15·1 प्रतिशत से अधिक "शिशुओं" की मृत्युएं उत्तर प्रदेश 18·0 प्रतिशत, राजस्थान 23·1 प्रतिशत, दादरा व नागर हवेली 23·7 प्रतिशत और उड़ीसा से 7·8 प्रतिशत सूचित की गई हैं । कम प्रतिशत में शिशुओं की मृत्युएं पंजाब 7·7 प्रतिशत, आन्ध्र प्रदेश 9·8 प्रतिशत, तमिलनाडु 8·3 प्रतिशत, केरल 5·9 प्रतिशत, दिल्ली 1·8 प्रतिशत, गोवा 2·4 प्रतिशत और अरूणाचल प्रदेश से (शून्य) सूचित की गई हैं । बच्चों की (1-4 वर्ष के आयु वर्ग) 5·8 प्रतिशत के राष्ट्रीय स्तर पर मृत्युएं सूचित की गई हैं जबकि मेघालय में 14·0 प्रतिशत, मणिपुर 11·6 प्रतिशत तथा उत्तर प्रदेश में 10·7 प्रतिशत, राजस्थान 9·4 प्रतिशत जो कि राष्ट्रीय स्तर से अधिक है । राज्यों में मृत्यु के प्रतिशत में भिन्नता 5-14, 15-24, 25-34 तथा 35-44 आयु वर्ग के लिए अधिक नहीं हैं जोकि राष्ट्रीय स्तर पर 4·8 प्रतिशत से 6·2 प्रतिशत है । इसी प्रकार 35-44 तथा 45-59 वर्ष के आयु वर्ग के लिए यह प्रतिशत राष्ट्रीय स्तर पर 5·8 तथा 11·6 प्रतिशत है ।

2·4·5 स्त्री/पुरूष एवं आयु वर्ग के अनुसार मृत्युओं के आंकड़ों का अध्ययन उस समय और भी अधिक महत्वपूर्ण एवं सारगर्भित हो जाता है जब उसका अध्ययन मृत्युओं के कारण समूह के अनुसार वर्गीकृत कर के राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है । मृत्युओं के कारण समूह के अनुसार वर्ष 1991 के लिए इस प्रकार के आंकड़ों का विश्लेषण विवरण 8 में प्रस्तुत किया गया है । इस विश्लेषण में शिशु जन्म एवं गर्भावस्था (मातृक मृत्युओं) बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियों तथा बुढ़ापे को शामिल नहीं किया गया है ।

विवरण-8

स्त्री/पुरूष तथा आयु समूह के अनुसार मुख्य कारण समूहों में मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण, 1991

क्र0 सं॰	मुख्य कारण समूह	स्त्री/पुरूष	आयु समूह वर्षों में							
			एक वर्ष से कम	1-4	5-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+	योग
1.	दुर्घटना एवं चोट	पु0	1·8	5·2	13·6	19·2	20·6	13·8	14·2	11·6	100·0
		स्त्री	2·2	5·8	14·3	25·0	20·4	9·1	11·0	12·2	100·0
2.	ज्वर	पु0	10·4	13·2	11·8	9·5	6·2	6·9	12·6	29·5	100·0
		स्त्री	11·9	17·0	15·3	5·7	7·7	6·7	9·3	26·5	100·0
3.	पाचन क्रिया के विकार	पु0	8·9	10·8	11·7	6·5	9·5	9·6	18·7	24·5	100·0
		स्त्री	7·5	19·3	15·3	9·4	8·4	6·9	13·8	19·3	100·0
4.	खांसी§श्वास क्रिया के विकार§	पु0	10·9	7·6	3·0	2·5	5·4	8·2	19·1	43·2	100·0
		स्त्री	13·7	11·8	5·3	3·4	6·8	7·0	15·5	36·5	100·0
5.	केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार	पु0	5·4	6·1	5·7	3·9	4·7	5·0	15·4	53·7	100·0
		स्त्री	5·5	8,·0	6·4	5·7	4·8	5·3	12·6	51·8	100·0
6.	रक्त-वह-तंत्र के विकार	पु0	3·2	3·3	2·7	3·7	6·7	9·9	26·8	43·7	100·0
		स्त्री	5·4	7·9	4·2	7·2	8·4	7·2	18·4	41·2	100·0
7.	अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	पु0	4·3	5·8	4·2	5·6	8·4	10·4	25·3	36·1	100·0
		स्त्री	4·6	10·6	7·0	5·6	9·2	10·1	23·8	29·1	100·0

2·4·6 "दुर्घटना एवं चोट" के कारण समूह के अन्तर्गत वर्ष 1991 में अधिकांश मृत्युएं 5 वर्ष से अधिक के आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं की सूचित की गई हैं । 14 वर्ष से कम के बालक/बालिकाओं तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के स्त्री/पुरूषों की मृत्यु का मुख्य कारण ज्वर रहा है। "पाचन किया के विकारों" ने सभी आयु समूहों के स्त्री/पुरूषों को प्रभावित किया है परन्तु 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में बहुत अधिक प्रतिशत रहा । उससे कम 1-4 वर्ष के आयु वर्ग में रहा । "खांसी" (श्वसन किया के विकार) के कारण मृत्युएं मुख्यतः 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्त्री/पुरूषों में हुई हैं। उसके बाद 1-4 वर्ष के आयु वर्ग के बालक/बालिकाओं में हुई हैं । 50 प्रतिशत से अधिक मृत्युएं "केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के रोग" के मुख्य कारण के कारण 60 वर्ष तथा अधिक के आयु वर्ग में सूचित की गई हैं । बच्चों में इस कारण से मृत्युएं बहुत कम हैं परन्तु आयु बढ़ने के साथ इनका प्रतिशत निरन्तर बढ़ता गया है ।

2·5 मुख्य कारण समूहों के महत्वपूर्ण कारणों से मृत्यु

2·5·1 रिपोर्ट के इस भाग में कतिपय महत्वपूर्ण कारण समूहों में मृत्यु के विशिष्ट कारणों के अनुसार मृत्यु के पैटर्न का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है । यह अध्ययन राष्ट्रीय स्तर पर और सम्बन्धित मुख्य कारण समूह में कम से कम 50 मृत्युओं की सूचना देने वाले राज्यों के लिएं किया गया हैं।

2·5·2 विवरण-9 में मुख्य कारण समूह "खांसी" के अधीन आने वाले विशिष्ट कारणों से होने वाली मृत्युओं का प्रतिशत वितरण दिया गया है । राष्ट्रीय स्तर पर खांसी (श्वसन किया के विकार) मुख्य कारण समूह की कुल मृत्युओं में अस्थमा एवं ब्रोंकाइटिस के कारण मृत्युएं 43·5 प्रतिशत, निमोनिया 24·6 प्रतिशत तथा फेफड़ों के क्षयरोग 28·1 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । इन विशिष्ट बीमारियों के कारण होने वाली मृत्युएं विभिन्न राज्यों में अलग-अलग हैं । दमा एवं ब्रोंकाइटिस के कारण अधिकतम मृत्यु केरल में 72·0 प्रतिशत, हरियाणा 66·0 प्रतिशत, पंजाब 62·1 प्रतिशत, कर्नाटक 58·9 प्रतिशत, तमिलनाडु 58·4 प्रतिशत, असम 57·1 प्रतिशत, आन्ध्र प्रदेश 49·8 प्रतिशत, गुजरात 48·9 तथा न्यूनतम 26·4 प्रतिशत मध्य प्रदेश राज्य से सूचित की गई हैं । दूसरे अत्यन्त महत्वपूर्ण कारण फेफड़ों के क्षयरोग के कारण होने वाली मृत्यु आंध्र प्रदेश 43·9 प्रतिशत, मध्य प्रदेश 41·4 प्रतिशत, गुजरात 40·7 प्रतिशत, तमिलनाडु 35·1 प्रतिशत और सबसे कम पंजाब में 9·5 प्रतिशत सूचित की गई हैं । इस कारण समूह के तृतीय मुख्य कारण निमोनिया के कारण अधिकतम मृत्यु राजस्थान 40·2 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश

36·9 प्रतिशत, महाराष्ट्र 31·6 प्रतिशत, मध्य प्रदेश 29·7 प्रतिशत तथा पंजाब में 25·9 प्रतिशत सूचित की गई जबकि न्यनूतम प्रतिशत आंध्र प्रदेश 1·8, केरल 3·7, तमिलनाडु 5·4 तथा गुजरात 7·1 प्रतिशत सूचित की गई हैं ।

विवरण- 9

चयित राज्यों में खांसी श्वसन क्रिया के विकार के अन्तर्गत मृत्यु के विशिष्ट कारणों के प्रतिशत का वितरण - 1991

क्र0 सं0	राज्य	अस्थमा एवं ब्रोंकाइटिस	फेफड़ों का क्षयरोग	निमोनिया	कुक्कर खांसी	अवर्गीकत	योग
1·	आंध्र प्रदेश	49·8	43·9	1·8	0·4	4·2	100·0
2·	असम	57·1	14·3	25·0	0·0	3·6	100·0
3·	बिहार	38·0	33·3	24·9	2·8	0·9	100·0
4·	गुजरात	48·9	40·7	7·1	0·0	3·3	100·0
5·	हरियाणा	66·0	10·4	23·6	0·0	0·0	100·0
6·	कर्नाटक	58·9	29·4	8·9	1·1	1·7	100·0
7·	केरल	72·0	19·5	3·7	0·0	4·9	100·0
8·	मध्य प्रदेश	26·4	41·4	29·7	2·4	0·0	100·0
9·	महाराष्ट्र	41·5	24·5	31·6	0·0	2·4	100·0
10·	उड़ीसा	47·5	24·5	23·5	0·5	4·0	100·0
11·	पंजाब	62·1	9·5	25·9	0·0	2·6	100·0
12·	राजस्थान	34·0	24·5	40·2	0·5	0·8	100·0
13·	तमिलनाडु	58·4	35·1	5·4	0·0	1·0	100·0
14·	उत्तर प्रदेश	37·1	23·2	36·9	0·5	2·3	100·0·
	भारत	43·5	28·1	24·6	1·0	2·7	100·0

2·5·3 मुख्य कारण समूह "रक्त-वह-तंत्र के रोग" से कुल मृत्युओं का 11·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जिनका प्रतिशत वितरण विवरण-10 में दर्शित किया गया है । तीन मुख्य कारणों अर्थात दिल का दौरा 52·2 प्रतिशत, अनीमिया 26·9 प्रतिशत और अन्य हृदय रोग से 20·9 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । इस मुख्य कारण समूह में दिल के दौरा से पंजाब में 94·1 प्रतिशत, केरल में 75·2 प्रतिशत, गुजरात में 65·3 प्रतिशत, और आन्ध्र प्रदेश में 64·4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । अनीमिया से होने वाली मृत्युओं का प्रतिशत 26·9 राष्ट्रीय औसत से अधिक बिहार में 63·3 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 57·8 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 53·9 प्रतिशत और उड़ीसा में 47·5 प्रतिशत रहा ।

2·5·4 "बाल्यावस्था के विशिष्ट कारणों" के अन्तर्गत अलग-अलग बीमारियों के कारणों से हुई मृत्युओं का विश्लेषण करने से पूर्व यह अधिक उपयुक्त होगा कि हम इस सर्वेक्षण के अन्तर्गत वर्ष 1991 में रिपोर्ट की गई सभी शिशु मृत्युओं पर विचार करें । इस प्रकार के आंकड़े विवरण-11 में प्रस्तुत किए गए हैं । आन्ध्र प्रदेश की सभी शिशु मृत्युएं "बाल्यावस्था के विशिष्ट कारणों" के अन्तर्गत दिखाई गई हैं। उन्हें विभिन्न प्रमुख कारण समूहों में और नहीं बांटा गया है । "बाल्यावस्था के विशिष्ट कारणों" से उच्च प्रतिशत में मृत्युएं कर्नाटक में 76·9 प्रतिशत, महाराष्ट्र 80·6 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 73·8 प्रतिशत तथा तमिलनाडु में 85·8 प्रतिशत सूचित की गई हैं ।

2·5·5 शिशुओं की "खांसी" (श्वसन क्रिया के विकार) से अधिक मृत्युएं राजस्थान 25·3 प्रतिशत, पंजाब 22·1 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 19·8 प्रतिशत, दादरा व नागर हवेली 18·9 प्रतिशत और हरियाणा में 18·3 प्रतिशत सूचित की गई हैं । ज्वर के कारण शिशुओं की मृत्युएं 5·4 प्रतिशत के राष्ट्रीय स्तर से अधिक बिहार में 14·0 प्रतिशत, हरियाणा 10·8 प्रतिशत, पंजाब 32·5 प्रतिशत तथा मध्य प्रदेश में 17·8 प्रतिशत हुई हैं । "पाचन क्रिया के विकारों" से अत्यधिक संख्या में मृत्युएं पंजाब में 14·3 प्रतिशत, दादरा व नागर हवेली 12·6 प्रतिशत तथा बिहार में 9·3 प्रतिशत हुई हैं ।

2·5·6 "बाल्यावस्था के विशिष्ट कारणों" के मुख्य कारण समूह में आने वाली शिशु मृत्युओं का चयित राज्यों का वितरण विवरण-12 में दिया गया है । जैसा कि विवरण-11 से स्पष्ट है कि वर्ष 1991 में अखिल भारतीय स्तर पर इस कारण समूह का कुल मृत्युओं में 68·0 प्रतिशत रहा ।

विवरण-10

भारत और चयित राज्यों में "रक्त-वह-तंत्र" के रोग के अन्तर्गत मृत्युओं का वितरण-1991

क्र0 सं0	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	दिल का दौरा	रक्त की कमी	अन्य हृदय रोग	योग
1	2	3	4	5	6
1.	आन्ध्र प्रदेश	64.4	13.4	22.2	100.0
2.	बिहार	34.5	63.3	2.2	100.0
3.	गुजरात	65.3	10.7	24.0	100.0
4.	कर्नाटक	58.4	30.1	11.5	100.0
5.	केरल	75.2	6.7	18.1	100.0
6.	मध्य प्रदेश	34.4	57.8	7.8	100.0
7.	महाराष्ट्र	52.0	16.7	31.3	100.0
8.	उड़ीसा	12.3	47.5	40.2	100.0
9.	पंजाब	94.1	5.9	0.0	100.0
10.	राजस्थान	47.3	41.1	11.6	100.0
11.	तमिलनाडु	62.7	14.4	22.9	100.0
12.	उत्तर प्रदेश	34.2	53.9	11.9	100.0
	भारत	52.2	26.9	20.9	100.0

विवरण-11

भारत और चयित राज्यों में मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत शिशु मृत्यु प्रतिशत का वितरण-1991

क्र0 सं0	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	बाल्यावस्था के विशिष्ट कारण	खांसी	ज्वर	पाचन क्रिया के विकार	रक्त वह तंत्र के रोग	अन्य स्पष्ट लक्षण	केन्द्रीय नाड़ीतंत्र के विकार	दुर्घटना और चोट	योग
1.	आन्ध्र प्रदेश	100·0	0·0	0·0	0·0	0·0	0·0	0·0	0·0	100·0
2.	बिहार	32·1	18·1	14·0	9·3	6·7	16·6	2·1	1·0	100·0
3.	गुजरात	70·7	5·2	6·0	3·9	2·6	5·6	5·6	0·4	100·0
4.	हरियाणा	65·6	18·3	10·8	3·2	1·1	0·0	0·0	1·1	100·0
5.	कर्नाटक	76·9	6·0	6·7	3·0	2·2	2·2	0·7	2·2	100·0
6.	मध्य प्रदेश	49·5	16·4	17·8	3·6	8·7	1·1	0·4	2·5	100·0
7.	महाराष्ट्र	80·6	14·9	0·3	0·9	0·3	0·0	2·0	1·1	100·0
8.	उड़ीसा	63·6	10·4	2·2	6·1	7·8	7·8	2·2	0·0	100·0
9.	पंजाब	23·4	22·1	32·5	14·3	3·9	1·3	0·0	2·6	100·0
10.	राजस्थान	59·7	25·3	5·9	1·3	6·3	0·6	0·3	0·6	100·0
11.	तमिलनाडु	85·8	6·3	2·4	1·6	1·6	0·0	0·8	1·6	100·0
12.	उत्तर प्रदेश	73·8	19·8	1·0	0·8	0·6	1·7	1·0	1·3	100·0
13.	दादरा व नागर हवेली	61·3	18·9	3·6	12·6	0·9	0·0	2·7	0·0	100·0
	भारत	68·0	15·0	5·4	3·5	3·0	2·4	1·6	1·1	100·0

विवरण-12

भारत और चयित राज्यों में बाल्यावस्था के विशिष्ट कारणों के समूह के अन्तर्गत
विशिष्ट कारणों के प्रतिशत का वितरण-1991

क्र0 सं0	राज्य	समय से पूर्व पैदा हुए	नवजात शिशुओं में श्वसन संक्रमण	नवजात शिशुओं में अतिसार	नाभि संक्रमण (टिटनस सहित)	जन्म-जात अंग विकृति	जन्म के समय चोट	अवर्गीकृत	योग
1.	आन्ध्र प्रदेश	32.0	15.7	7.0	2.3	2.3	0.0	40.7	100.0
2.	बिहार	51.6	9.7	8.1	8.1	12.9	0.0	9.7	100.0
3.	गुजरात	49.4	9.8	6.7	0.6	4.9	1.8	26.8	100.0
4.	हरियाणा	21.3	21.3	9.8	1.6	13.1	1.6	31.1	100.0
5.	कर्नाटक	41.7	24.3	9.7	3.9	1.9	2.9	15.5	100.0
6.	मध्य प्रदेश	38.2	13.2	1.5	0.7	14.0	3.7	28.7	100.0
7.	महाराष्ट्र	73.4	6.4	0.5	0.5	2.5	0.0	16.8	100.0
8.	उड़ीसा	68.0	15.6	2.0	2.0	2.0	0.7	9.5	100.0
9.	राजस्थान	33.0	18.3	17.3	7.9	5.2	1.6	16.8	100.0
10.	तमिलनाडु	28.4	48.6	9.2	2.8	4.6	1.8	4.6	100.0
11.	उत्तर प्रदेश	27.6	17.4	14.3	19.8	3.4	2.6	14.8	100.0
12.	दादरा व नागर हवेली	77.9	0.0	0.0	1.5	1.5	2.9	16.2	100.0
	भारत	48.2	15.4	6.8	5.0	4.3	1.3	18.9	100.0

2·5·7 "नवजात शिशुओं की विशिष्ट बीमारियों" में शिशुओ का समय से पूर्व जन्म, नवजात शिशुओं में श्वसन क्रिया के संक्रमण, नवजात शिशुओं में अतिसार, नाभि संक्रमण, जन्म-जात अंग विकृति, जन्म के समय पर चोट आदि कारणों से होने वाली मृत्युएं हैं । परिणामों से स्पष्ट है कि विशिष्ट कारणों से होने वाली मृत्युओं की मात्रा में राज्य स्तर पर काफी उतार- चढ़ाव हैं । राष्ट्रीय स्तर पर "समय से पूर्व जन्म" के विशिष्ट कारण से कुल मृत्युओं की 48·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित हुई हैं । इस कारण से मृत्युएं अधिक प्रतिशत महाराष्ट्र 73·4 प्रतिशत, उड़ीसा 68 प्रतिशत, गुजरात 49·4 प्रतिशत, बिहार 51·6 प्रतिशत और दादरा व नागर हवेली में 77·9 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं। "नवजात शिशुओं में श्वसन क्रिया के संक्रमण" के कारण इस वर्ष भी तमिलनाडु राज्य से काफी अधिक 48·6 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । नवजात शिशुओं का अतिसार के अन्तर्गत 6·8 प्रतिशत के राष्ट्रीय स्तर से अधिक हरियाणा में 9·8 प्रतिशत, कर्नाटक 9·7 प्रतिशत, राजस्थान 17·3 तथा उत्तर प्रदेश से 14·3 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की की गई हैं । नवजात शिशुओं के नाभि संक्रमण जिसमें टिटनस भी शामिल है, के कारण मृत्युओं के प्रतिशत में 19 प्रतिशत उत्तर प्रदेश से लेकर मद्रास में 0·5 की विविधता झकलती है । नवजात शिशुओं की जन्म-जात शारीरिक विकृतियों के कारण मृत्युओं की अधिकता मध्य प्रदेश राज्य में 14 प्रतिशत है, इसके बाद हरियाणामें 13·1 प्रतिशत है ।

विवरण-13

भारत और चयित राज्यों में "ज्वर" मुख्यकारण समूह के अन्तर्गत विशिष्ट कारणों से मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण-1991

क्र0 सं0	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	टाइफाइड	मलेरिया	इन्फलुएंजा	अवर्गीकृत	योग
1·	आन्ध्र प्रदेश	12·9	1·2	8·2	77·6	100·0
2·	बिहार	30·6	8·2	32·7	28·6	100·0
3·	गुजरात	17·4	6·6	9·9	66·1	100·0
4·	हरियाणा	33·3	1·6	17·5	47·6	100·0
5·	मध्य प्रदेश	13·6	51·3	11·7	23·4	100·0
6·	महाराष्ट्र	44·8	2·4	3·2	49·6	100·0
7·	उड़ीसा	12·7	14·1	14·1	59·2	100·0
8·	पंजाब	5·9	32·8	2·1	59·2	100·0
9·	राजस्थान	48·5	5·9	3·0	42·6	100·0
10·	तमिलनाडु	8·6	0·0	0·0	91·4	100·0
11·	उत्तर प्रदेश	45·0	16·1	17·5	21·3	100·0
	भारत	23·0	18·0	11·5	47·5	100·0

2·5·8 "ज्वर" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत विशिष्ट कारणों से मृत्युओं का प्रतिशत विवरण 13 में प्रस्तुत किया गया है । "ज्वर" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत गैर चिकित्सा सूची में केवल तीन विशिष्ट प्रकार के ज्वर मलेरिया, टाइफाइड एवं इन्फ्लुएंजा को शामिल किया गया है । इस समूह में राष्ट्रीय स्तर पर मृत्युओं का प्रतिशत 52·5 है । राष्ट्रीय स्तर "टाइफाइड ज्वर" से 22·6 प्रतिशत मृत्युएं होने के कारण यह मृत्यु का मुख्य कारण है । टाइफाइड ज्वर के कारण राजस्थान से 48·5 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश से 45 प्रतिशत महाराष्ट्र से 44·8 प्रतिशत तथा हरियाणा से 33·3 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं। "मलेरिया ज्वर" के कारण मध्य प्रदेश से 51·3 प्रतिशत, पंजाब से 32·8 प्रतिशत तथा उत्तर प्रदेश राज्य से 16·1 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । "इन्फ्लुएंजा ज्वर" मृत्यु के मुख्य कारण के रूप में रहा है । इससे उड़ीसा से 14·1 प्रतिशत, हरियाणा से 17·5 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश से 17·5 प्रतिशत तथा बिहार से 32·7 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं ।

विवरण-14

भारत और चयित राज्यों में "पाचन क्रिया के विकार" के अन्तर्गत विशिष्ट कारणों से मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण - 1991

क्र0 सं0	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	सख्त पेट दर्द	गैस्टो-एनट्राई-टिस	पेचिश	पेप्टिक अल्सर	विषाक्त भोजन	हैजा	अवर्गी-कृत	प्रतिशत
1·	आन्ध्र प्रदेश	24·1	20·5	20·5	18·8	4·5	0·0	11·6	100·0
2·	बिहार	29·7	20·7	31·5	8·1	0·0	6·3	3·6	100·0
3·	गुजरात	27·8	24·1	0·0	1·9	3·7	1·9	40·7	100·0
4·	मध्य प्रदेश	23·0	41·0	14·4	12·2	4·3	0·7	4·3	100·0
5·	महाराष्ट्र	40·6	17·5	8·1	11·2	13·1	1·3	8·1	100·0
6·	उड़ीसा	16·5	30·6	32·2	19·0	0·0	0·0	1·7	100·0
7·	राजस्थान	32·2	49·2	8·5	3·4	0·0	1·7	5·1	100·0
8·	तमिलनाडु	38·7	13·2	21·7	24·5	0·0	0·0	1·9	100·0
9·	उत्तर प्रदेश	38·5	26·1	17·5	3·1	5·1	1·2	8·6	100·0
10·	दादर व नागर हवेली	32·1	65·4	0·0	0·0	1·3	0·0	1·3	100·0
	भारत	25·5	29·5	17·8	11·0	3·8	1·1	7·4	100·0

2·5·9 "पाचन किया के विकार" के मुख्य कारण समूह में गैस्ट्रो-इन्ट्राइटिस, सख्त पेट दर्द, पेप्टिक अल्सर, विषाक्त भोजन, हैजा व पेचिश आदि जैसे कारण सम्मिलित हैं । इन विशिष्ट कारणों के कारण हुई मृत्युओं का प्रतिशत विवरण-15 में प्रस्तुत किया गया है । "सख्त पेट दर्द" के कारण अधिक मृत्युएं महाराष्ट्र 40·6 प्रतिशत, तमिलनाडु 38·7 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 38·5 प्रतिशत, दादरा व नागर हवेली 32·1 प्रतिशत, तथा गुजरात में 27·8 प्रतिशत सूचित हुई हैं । "गैस्ट्रएन्ट्राइटिस" के कारण राष्ट्रीय स्तर (27·9 प्रतिशत) से अधिक मृत्युएं राजस्थान 49·2 प्रतिशत, दादरा व नागर हवेली 5·4 प्रतिशत, मध्य प्रदेश 41·1 प्रतिशत और उड़ीसा से 30·6 प्रतिशत सूचित हुई हैं । "पेचिश" के कारण अधिक मृत्युएं उड़ीसा 32·2 प्रतिशत, बिहार 31·5 प्रतिशत, तमिलनाडु 21·7 प्रतिशत तथा आन्ध्र प्रदेश राज्य से 26·5 प्रतिशत सूचित की गई हैं । पेप्टिक अल्सर" के कारण मृत्युएं मुख्यतः तमिलनाडु 24·5 प्रतिशत, उड़ीसा 19·0 प्रतिशत, तथा आन्ध्र प्रदेश राज्य से 18·8 प्रतिशत सूचित की गई हैं ।

2·5·10 "दुर्घटना एवं चोट" के मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत मृत्यओं के विशिष्ट कारणों का प्रतिशत राज्यवार विवरण-15 में प्रस्तुत किया गया है । विशिष्ट कारणों के समूह के अन्तर्गत मृत्युएं राष्ट्रीय स्तर पर "वाहन दुर्घटना" से 22·6 प्रतिशत, आत्म हत्या से 16·6 प्रतिशत, जलने से 14·1 प्रतिशत, डूबने से 11·6 प्रतिशत, सांप के काटने से 7·5 प्रतिशत, ऊंचाई से गिरने से 4·9 प्रतिशत तथा हत्या के कारण 4·9 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । "वाहन दुर्घटना" के कारण अधिक मृत्युएं राजस्थान 40·6 प्रतिशत, पंजाब 29·9 प्रतिशत, महाराष्ट्र 25·0 प्रतिशत, तथा उत्तर प्रदेश राज्य से 20·7 प्रतिशत सूचित की गई हैं । "आत्महत्या" के कारण अधिक मृत्युएं केरल 53·7 प्रतिशत, तमिलनाडु 52·1 प्रतिशत और उड़ीसा से 36·8 प्रतिशत सूचित की गई हैं । "जलने" के कारण मुख्यत मृत्युएं महाराष्ट्र 32·7 तथा मध्य प्रदेश में 15·9 प्रतिशत हैं । "डूबने" के कारण मृत्युएं कर्नाटक 22·0 प्रतिशत, मध्य प्रदेश 20·4 प्रतिशत, बिहार 17·4 प्रतिशत और महाराष्ट्र से 14·5 प्रतिशत सूचित की गई हैं ।

विवरण- 15

भारत और चयित राज्यों में "दुर्घटनाओं एवं चोट" के अन्तर्गत विशिष्ट कारणों से मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण - 1991

क्र0 सं0	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	वाहन-दुर्घटना	आत्म-हत्या	जलने से	डूबने से	सांप के काटने	प्राकृतिक आपदा	ऊंचाई से गिरने से	हत्या	रेविज	स्कीपियन वाइट	अधिक गर्मी	अधिक सर्दी	अवर्गीकृत	योग
1.	आंध्र प्रदेश	14.4	27.5	13.2	14.4	7.2	0.6	6.0	1.2	4.8	1.8	0.0	0.0	9.0	100.0
2.	बिहार	21.7	2.6	7.8	17.4	13.9	6.1	3.5	10.4	5.2	0.9	0.0	0.9	9.6	100.0
3.	गुजरात	22.1	13.2	13.2	9.6	8.8	7.4	7.4	0.7	3.7	1.5	1.5	0.0	11.0	100.0
4.	कर्नाटक	8.5	32.2	6.8	22.0	6.8	1.7	6.8	5.1	0.0	5.1	1.7	0.0	3.4	100.0
5.	केरल	24.1	53.7	0.0	11.1	5.6	0.0	3.7	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0	1.9	100.0
6.	मध्य प्रदेश	17.7	12.4	15.9	20.4	10.6	1.8	4.4	8.0	0.9	0.0	0.0	0.9	7.1	100.0
7.	महाराष्ट्र	25.0	9.5	32.7	14.5	4.5	0.9	3.6	0.7	1.1	0.7	0.0	0.0	6.6	100.0
8.	उड़ीसा	11.8	36.8	7.4	8.8	19.1	1.5	1.5	2.9	1.5	0.0	1.5	0.0	7.4	100.0
9.	पंजाब	29.8	6.6	12.4	4.1	4.1	0.0	5.0	25.6	2.5	0.0	0.0	0.0	9.9	100.0
10.	राजस्थान	40.6	8.3	11.5	8.3	5.2	1.0	9.4	2.1	0.0	3.1	0.0	2.1	8.3	100.0
11.	तमिलनाडु	18.5	52.1	1.7	6.7	8.4	2.5	4.2	5.0	0.0	0.0	0.0	0.0	0.8	100.0
12.	उत्तर प्रदेश	20.7	5.3	4.6	4.6	8.4	26.7	8.8	5.3	2.5	1.4	1.4	1.4	9.1	100.0
	भारत	21.6	16.6	14.1	11.6	7.5	5.6	5.5	4.9	1.9	1.1	0.4	0.4	7.8	100.0

2·5·11 "अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग" एक मुख्य कारण समूह के रूप में शामिल किया गया है जिसमें प्रत्येक विशिष्ट कारण अपने पृथक स्पष्ट लक्षणों को लिए हुए है । वर्ष 1991 में राष्ट्रीय स्तर पर इस मुख्य कारण समूह के कारण कुल सूचित मृत्युओं की 8·3 मृत्युएं सूचित की गई हैं। इसमें 13 विशिष्ट कारणों को शामिल किया गया है जिनको कुछ चयित राज्यों के लिए संकलित कर विवरण-16 में प्रस्तुत किया गया है । "कैंसर" के कारण मुख्यतः पंजाब में 63·3 प्रतिशत, केरल 61·8 प्रतिशत, गुजरात 53·8 प्रतिशत, कर्नाटक 47·4 प्रतिशत और आन्ध्र प्रदेश से 43·8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । "पीलिया" के कारण मृत्युएं अधिक संख्या में बिहार 23·8 प्रतिशत, आन्ध्र प्रदेश 21·6 प्रतिशत, उड़ीसा 17·6 प्रतिशत, तमिलनाडु 17·0 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश 12·9 प्रतिशत सूचित की गई हैं । सिरोसिस आफ लीवर के कारण अधिकांश मृत्युएं महाराष्ट्र 16·3 प्रतिशत तथा उत्तर प्रदेश से 11·8 प्रतिशत सूचित की गई हैं । "मधुमेह" के विशिष्ट कारण के अन्तर्गत मृत्युएं मुख्यतः कर्नाटक 19·6 प्रतिशत, केरल 12·4 प्रतिशत तथा तमिलनाडु में 12·2 प्रतिशत हुई हैं । "टिटनेस" के कारण अधिक मृत्युएं बिहार 30·0 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 10·0 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 6·1 प्रतिशत हुई हैं ।

2·6 मृत्यु के दस चयित महत्वपूर्ण कारण

3·61 कर्नाटक राज्य के चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के 52 सैम्फल ग्रामों में मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण (ग्रामीण) का कार्य आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय, कर्नाटक द्वारा किया जा रहा है । ये चयित प्रा0स्वा0के0 19 जिलों में फैले हुए हैं । दिसम्बर, 1991 में इन सैम्फल ग्रामों की जनसंख्या लगभग 1,22,873 व्यक्ति है । सर्वेक्षण केन्द्रों से 1987-91 वर्षों के लिए शत-प्रतिशत मासिक विवरणियां प्राप्त हुई हैं । वर्ष 1991 में उपर्युक्त प्रा0स्वा0 केन्द्रों से 916 मृत्युओं की सूचना प्राप्त हुई जबकि 1988 में ये 903 थी । वर्ष 1991 में रिपोर्ट की गई मृत्युओं की संख्या से पता चलता है कि इनमें निरन्तर वृद्धि हुई है । इसे नीचे दिए गए विवरण में देखा जा सकता है ।

विवरण-36

कर्नाटक राज्य में मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण - 1987-91

वर्ष	प्रा0स्वा0 केन्द्रों की संख्या	1991 की जनसंख्या	मासिक विवरणियां की संख्या			सूचित मृत्युओं की संख्या	प्रति चयित प्रा0 स्वा0के0 मृत्युएं
			सम्भावित	प्राप्त	प्रतिशत		
1987	52		624	624	100·0	799	15·4
1988	52		624	624	100·0	903	17·4
1989	52		624	624	100·0	877	16·9
1990	52		624	624	100·0	872	16·8
1991	52	122873	624	624	100·0	916	17·6

3·62 वर्ष 1987-1991 के दौरान मुख्य कारण समूहों के अनुसार सूचित की गई मृत्युओं का प्रतिशत वितरण विवरण में प्रस्तुत किया गया है ।

3·63 "दुर्घटना एवं चोट" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत हुई मृत्युओं से कर्नाटक राज्य में वृद्धि और गिरावट की मिली-जुली प्रवृति का पता चलता है । "दुर्घटना एवं चोट" के कारण वर्ष 1987 में 5·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी जो कि 1991 में 6·5 प्रतिशत सूचित की गई हैं । इस मुख्य कारण समूह में "आत्महत्या" के विशिष्ट कारण के अन्तर्गत 32·2 प्रतिशत, डूबने से 22·0 प्रतिशत तथा वाहन दुर्घटना से 8·5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं ।

(सारणी-6)

विवरण-37

कर्नाटक राज्य में मुख्य कारणों के अनुसार मृत्युओं का प्रतिशत वितरण - 1987-1991

क्र0 सं0	कारण	वर्ष				
		1987	1988	1989	1990	1991
1	2	3	4	5	6	7
1.	दुर्घटना एवं चोट	5.6	6.9	6.4	8.7	6.5
2.	शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	0.3	0.6	0.5	1.0	0.3
3.	ज्वर	3.6	3.2	3.4	3.7	3.7
4.	पाचन क्रिया के विकार	6.6	7.3	7.3	6.2	5.0
5.	खांसी (श्वसन क्रिया के विकार)	19.6	22.4	21.1	16.6	19.7
6.	केन्द्रीय नाडी तंत्र के विकार	5.3	4.5	5.1	5.6	5.4
7.	रक्त-वह-तंत्र के रोग	9.4	10.8	10.8	13.2	12.3
8.	अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	9.8	10.2	9.4	11.0	10.6
9.	बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	17.0	14.7	14.7	14.4	11.2
10.	बुढ़ापा	22.8	19.4	21.3	19.5	25.3
सूचित मृत्युओं की कुल संख्या		799	903	877	872	916
		100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

3.64 "ज्वर" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत वर्ष 1991 में 3.7 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में 3.6 प्रतिशत थी । "अवर्गीकृत ज्वरों" से 61.8 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जबकि "इन्फलुएंजा" के कारण 23.5 प्रतिशत तथा "टाइफाइड" से 11.8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं ।

3.65 "पाचन क्रिया के विकार" के कारण वर्ष 1987 में 6.6 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी जो वर्ष 1991 में 5.0 प्रतिशत रह गई हैं । इन विशिष्ट कारणों में से 30.4 प्रतिशत मृत्युएं "पेचिश" से सूचित की गई हैं और उसके बाद 21.7 प्रतिशत मृत्युएं "पेप्टिक अल्सर" और "सख्त पेट दर्द" के कारण हुई हैं ।

3.66 "खांसी" (श्वसन क्रिया के विकार) के कारण वर्ष 1991 में 19.7 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में इसका प्रतिशत 19.6 था । "ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा" के कारण इस मुख्य कारण समूह की 58.9 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं और उसके बाद "फेफड़ों के क्षय रोग" से 29.4 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

3.67 "केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार" के कारण वर्ष 1987 में 5.3 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी जो कि 1991 में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई हैं । इन मृत्युओं में से "लकवे" के कारण 81.6 प्रतिशत मृत्युएं और "ऐंठन" के कारण 8.2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं ।

3·68 "रक्त-वह-तंत्र के विकारों" से वर्ष 1987 में 9·4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी जबकि 1991 में 12·3 प्रतिशत हो गई हैं । इस मुख्य कारण समूह में केवल "दिल के दौरे" के विशिष्ट कारण से ही 58·4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं और उसके बाद एनिमीया से 30·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

3·69 "अन्य स्पष्ट लक्षणों" के कारण से वर्ष 1991 में 10·6 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं जबकि वर्ष 1987 में 9·8 प्रतिशत थी । "कैंसर" से इस मुख्य कारण समूह में लगभग 47·4 मृत्युएं हुई और उसके बाद "मधुमेह" से 19·6 प्रतिशत तथा "पीलिया" से 10·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·70 "बाल्यावस्था के विशिष्ट कारणों" से वर्ष 1987 में 17·0 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी जो वर्ष 1991 में घटकर 11·2 प्रतिशत रह गई हैं । "अपरिपक्व अवस्था में जन्म" के विशिष्ट कारण से 41·8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई और उसके बाद "नवजात शिशुओं में श्वसन संक्रमण" से 24·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·71 वर्ष 1991 में कर्नाटक राज्य में मृत्यु के कारण समूहों में आयु समूहवार मृत्युओं का प्रतिशत वितरण विवरण-38 में प्रस्तुत किया गया है । "दुर्घटना एवं चोट" से कुल 22·0 प्रतिशत मृत्युएं 15-24 वर्ष के आयु समूह में सूचित की गई और "शिशु जन्म एवं गर्भावस्था" से सम्बन्धित सबसे अधिक अर्थात् 66·7 प्रतिशत मृत्युएं 15-24 वर्ष के आयु समूह में हुई । "ज्वर" के कारण कुल 32·4 प्रतिशत मृत्युएं 5-14 वर्ष के आयु समूह में हुई । "पाचन क्रिया के विकारों" के कारण सबसे अधिक अर्थात् 30·4 प्रतिशत मृत्युएं 01-04 वर्ष के आयु समूह में और उसके बाद 17·2 प्रतिशत मृत्युएं 45-59 वर्ष के आयु समूह में हुई । यद्यपि "खांसी" (श्वसन क्रिया के विकारों) से सभी आयु समूह प्रभावित हुए हैं तथापि सबसे अधिक अर्थात् 57·2 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में सूचित की गई हैं । "केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार" और "अन्य स्पष्ट लक्षणों" के कारण मृत्युओं का सबसे अधिक प्रतिशत क्रमशः 46·9 प्रतिशत और 44·3 प्रतिशत अधिक आयु वाले व्यक्तियों अर्थात् 60 वर्ष और उससे अधिक में पाया गया है । इस विवरण के समग्र विश्लेषण से पता चलता है कि यदि "बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियों" और "बुढ़ापे", जो विशिष्ट आयु समूहों से सम्बन्धित हैं, को छोड़ दें तो 60 वर्ष और उससे अधिक आयु समूहों में मृत्युओं का प्रतिशत सबसे अधिक रहा है ।

विवरण-38

कर्नाटक राज्य में मुख्य कारण समूहों में आयु समूहों के अनुसार मृत्युओं का प्रतिशत वितरण - 1991

मुख्य कारण समूह	आयु समूह वर्षों में (व्यक्ति) 1991									
	मृत्युओं की कुल संख्या	कुल मृत्युओं का प्रतिशत	1 वर्ष से कम	01-04	05-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+
दुर्घटना एवं चोट	59	6·4	5·1	10·2	10·2	22·0	13·5	15·3	5·1	18·6
शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	3	0·3	-	-	-	66·7	-	33·3	-	-
ज्वर	34	3·7	26·5	26·5	32·4	2·9	2·9	2·9	2·9	3·0
पाचन क्रिया के विकार	46	5·0	8·7	30·4	13·0	4·4	2·2	8·7	17·4	15·2
खांसी (श्वसन क्रिया के विकार)	180	19·7	4·4	5·6	2·8	1·1	5·0	6·7	17·2	57·2
केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार	49	5·4	2·0	8·2	2·0	4·1	4·1	4·1	16·3	59·2
रक्त-वह-तंत्र के रोग	113	12·3	2·7	5·3	3·5	1·8	6·2	7·1	26·5	46·9
अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	97	10·6	3·1	5·2	8·3	4·1	3·1	11·3	20·6	44·3
बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	103	11·2	100·0	-	-	-	-	-	-	
बुढ़ापा	232	25·3	-	-	-	-	-	-	-	100·0
सूचित मृत्युओं की संख्या	916	100·0	14·6	5·9	4·5	3·1	3·5	5·1	11·0	52·3

3·72 कर्नाटक राज्य से वर्ष 1991 में सर्वेक्षण के अन्तर्गत सूचित कुल मृत्युओं के आधार पर 10 अत्यन्त घातक कारणों का चयन कर मृत्यु के कारणों का प्रोफाइल प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है । वर्ष 1991 में इस राज्य में इन 10 चयित अत्यन्त घातक कारणों से 49·3 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । इनके वितरण के आंकड़े विवरण-39 में प्रस्तुत किए गए हैं ।

विवरण-39

दस चयित विशिष्ट कारण और आयु समूह वार कुल मृत्युओं में उनका प्रतिशत - 1991

कर्नाटक

चयित विशिष्ट कारण	कुल रिपोर्ट की गई मृत्युओं का प्रतिशत	आयु समूह वर्षों में (व्यक्ति) 1991								
		एक वर्ष से कम	01-04	5-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+	सभी आयु
1. ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा	11.6	1.0	-	-	0.9	-	0.9	17.0	80.2	100.0
2. दिल का दौरा	7.2	-	-	-	1.5	7.6	7.6	31.8	51.5	100.0
3. फेफड़ों का क्षयरोग	5.8	-	-	3.8	1.9	17.0	20.7	24.5	32.1	100.0
4. कैंसर	5.0	-	-	6.5	6.5	2.2	15.2	23.9	45.7	100.0
5. अपरिपक्वता	4.7	100.0	-	-	-	-	-	-	-	100.0
6. लकवा	4.4	-	-	-	-	2.5	5.0	20.0	72.5	100.0
7. एनीमिया	3.7	8.8	8.8	17.7	3.0	2.9	2.9	17.7	38.2	100.0
8. नवजात शिशुओं में श्वसन संक्रमण	2.7	100.0	-	-	-	-	-	-	-	100.0
9. आत्महत्या	2.1	-	-	5.3	52.6	5.3	15.8	10.5	10.5	100.0
10. मधुमेह	2.1	-	-	-	-	10.5	-	26.3	63.2	100.0

3.73 कर्नाटक राज्य में "ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा" मृत्यु का मुख्य कारण है जिससे 11.6 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । इस बीमारी से 80 प्रतिशत मृत्युएं अधिक आयु के व्यक्तियों अर्थात् 60 वर्ष और उससे अधिक की हुई हैं । "दिल के दौरे" के कारण 7.2 प्रतिशत मृत्युएं हुई और इसका दूसरा स्थान है । इस विशिष्ट कारण से लगभग 52 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक आयु समूह के व्यक्तियों की हुई ।

3.74 "फेफड़ों का क्षयरोग" तीसरा मुख्य कारण है जिससे 5.8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं और 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति इससे अधिक प्रभावित हुए हैं । इस आयु समूह में इससे 32 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं । कैंसर का स्थान चौथा है जिसके कारण 5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । इन मृत्युओं में से 46 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में हुई हैं । "अपरिपक्व अवस्था में जन्म" का स्थान पांचवां है जिसके कारण कुल 4.7 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं और इनका सम्बन्ध केवल शिशुओं से है । "लकवे" के कारण 4.4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई और इसका स्थान छठा है तथा इसके कारण 73 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में सूचित की गई हैं । एनीमिया के कारण कुल

3·7 प्रतिशत मृत्युएं हुई और इसका स्थान सातवां है । इसके कारण अधिकांश मृत्युएं (38·2 प्रतिशत) 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में हुई हैं । "नवजात शिशुओं में श्वसन संक्रमण" के कारण 2·7 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई और इस श्रृंखला में इसका स्थान आठवां है । शत-प्रतिशत मृत्युएं 1 वर्ष से कम आयु वर्ग में हुई हैं ।

3·75 "आत्महत्या" के कारण कुल 2·1 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई और इसमें अधिकांश मृत्युएं (52·6 प्रतिशत) 15-24 वर्ष के आयु समूह में हुई । "मधुमेह" का दसवां स्थान है और इससे 2·1 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । "मधुमेह" के कारण सबसे अधिक अर्थात् 63·2 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक आयु समूह में हुई हैं ।

मध्य प्रदेश

3·76 मध्य प्रदेश में 100 चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण किया जा रहा है । इन चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से प्राप्त मासिक विवरणियों से पता चलता है कि सूचित मृत्युओं की संख्या में उतार-चढ़ाव है । वर्ष 1991 में ये 85·0 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 1987 में 83·8 प्रतिशत और 1988 में 93·0 प्रतिशत थी । 1991 के दौरान कुल सूचित की गई मृत्युएं 1632 थी जबकि 1987 में 1436 थी । इन्हें विवरण 40 में प्रस्तुत किया गया है । 100 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की कुल जनसंख्या लगभग 302703 है ।

विवरण-40

मध्य प्रदेश राज्य में मृत्यु के कारण के सर्वेक्षण का कवरेज, 1987-1991

वर्ष	प्रा0स्वा0 केन्द्रों की संख्या	1990 की जनसंख्या	मासिक प्रतिवेदनों की सं0			सूचित मृत्युओं की संख्या	मृत्युएं प्रति चयित प्रा0स्वा0केन्द्र
			सम्भावित	प्राप्त	प्रतिशत		
1	2	3	4	5	6	7	8
1987	100		1200	1005	83·8	1436	14·36
1988	100		1200	998	83·2	1544	15·44
1989	100		1200	1116	93·0	1644	16·44
1990	100	302703	1200	972	81·0	1570	15·70
1991	100		1200	1020	85·0	16·32	16·32

3·77 मुख्य कारण समूह के अनुसार गत पांच वर्षों 1987-1991 का प्रतिशत वितरण विवरण-41 में प्रस्तुत किया गया है ।

विवरण-41

मध्य प्रदेश राज्य में मुख्य कारण समूहों के अनुसार

मृत्युओं का प्रतिशत वितरण-1987-1991

	कारण	वर्ष				
		1987	1988	1989	1990	1991
1.	दुर्घटना एवं चोट	4.3	4.9	5.9	6.1	6.9
2.	शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	1.3	1.1	1.4	1.6	1.1
3.	ज्वर	10.2	10.1	8.8	13.2	16.7
4.	पाचन किया के विकार	6.8	5.7	6.6	5.7	8.5
5.	खांसी {श्वसन किया के विकार}	27.8	26.8	25.0	21.7	20.4
6.	केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार	3.1	3.4	4.6	3.1	3.4
7.	रक्त वह तंत्र के रोग	12.3	12.6	11.4	11.0	7.9
8.	अन्य स्पष्ट कारणों के रोग	5.4	4.7	6.6	5.3	6.0
9.	बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	4.4	5.1	5.4	6.0	8.4
10.	बुढ़ापा	24.4	25.6	24.3	26.4	20.7
कुल सूचित मृत्युएं		1436	1544	1644	1570	1632
		100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

3.78 दुर्घटना एवं चोट के मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत होने वाली मृत्युओं की संख्या में मध्य प्रदेश में गत वर्षों में वृद्धि का रूख देखा गया है । वर्ष 1991 में इनका प्रतिशत 6.9 था जबकि वर्ष 1987 में यह 4.3 प्रतिशत था । इस विशिष्ट रोग के विश्लेषण से पता चलता है कि डूबने से 20.4 प्रतिशत, वाहन दुर्घटना से 17.7 प्रतिशत और जलने से 15.9 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं {सारणी - 6}।

3·79 "ज्वर" मुख्य कारण समूह के कारण वर्ष 1987 में 10·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी जो 1991 में 16·7 प्रतिशत सूचित की गई । "ज्वर" कारण समूह में "मलेरिया" के कारण 51·3 प्रतिशत तथा उसके बाद "अवर्गीकृत ज्वर" के कारण 23·4 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·80 "पाचन क्रिया के विकार" कारण समूह के अन्तर्गत 1987 में 6·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी जो वर्ष 1991 में 8·5 प्रतिशत हो गई । "गेस्ट्रोइंट्राइटिस" के कारण 41·0 प्रतिशत और उसके बाद "सख्त पेट दर्द" के कारण 23·0 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·81 "सांसी" {श्वसन क्रिया के विकार} कारण समूह में 5 वर्षो {1987-1991} में गिरावट की प्रवृति रही है । 1991 में 20·4 प्रतिशत मृत्युएं रिपोर्ट की गई जबकि 1987 में 27·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी । इस मुख्य कारण समूह के विशिष्ट कारण के रूप में "फेफडों के क्षयरोग" से 41·4 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं । उसके बाद "निमोनिया" से 29·7 प्रतिशत और "ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा" से 26·4 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·82 "केन्द्रीय नाडी तंत्र के विकार" के मुख्य कारण समूह में पिछले 5 वर्षो के दौरान स्थिरता की प्रवृति रही है । इसके कारण वर्ष 1987 में 3·1 प्रतिशत और 1991 में 3·4 प्रतिशत मृत्युएं हुई । "लकवा" सबसे अधिक घातक विशिष्ट कारण रहा है जिससे 80·4 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·83 इसी प्रकार, "रक्त-वह-तंत्र के रोग" के कारण हुई मृत्युओं में भी गिरावट की प्रवृत्ति रही है । वर्ष 1991 में 7·9 प्रतिशत मृत्युएं सूचित हुई हैं जबकि 1987 में इनका प्रतिशत 12·3 था । मध्य प्रदेश राज्य में "एनीमिया" से 57·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं । उसके बाद "दिल के दौरे" से 34·4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं ।

3·84 "अन्य स्पष्ट लक्षणों" के मुख्य कारण समूह में वर्ष 1987 में 5·4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी जो कि वर्ष 1991 में 6·0 प्रतिशत हो गई । इस कारण समूह की 41·8 प्रतिशत मृत्युएं "कैंसर" से तथा उसके बाद 10·2 प्रतिशत मृत्युएं "खसरे" से हुई हैं ।

3·85 "बाल्यावस्था के विशिष्ट कारणों" के अन्तर्गत 1987 में 4·4 प्रतिशत मृत्यु की घटनाएं सूचित की गई थी जबकि वर्ष 1991 में 8·4 प्रतिशत सूचित की गई हैं । इस कारण समूह में "अपरिपक्व अवस्था में जन्म" के विशिष्ट कारण से 38·2 प्रतिशत, जन्म जात विकृति से 14·0 प्रतिशत तथा उसके बाद "नवजात शिशुओं में श्वसन संक्रमण" के कारण 13·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं ।

3·86 मध्य प्रदेश राज्य में वर्ष 1991 के दौरान मृत्यु के मुख्य कारणों से प्रभावित आयु समूहों का विश्लेषण नीचे विवरण-42 में प्रस्तुत किया गया है :

विवरण - 42

मध्य प्रदेश राज्य मे मुख्य कारण समूहो मे आयु समूहो के अनुसार मृत्युओ का प्रतिशत वितरण- 1991

मुख्य कारण समूह	कुल सूचित मृत्युओ का प्रतिशत		आयु समूह वर्षों मे (व्यक्ति) 1991							
	संख्या	प्रतिशत	1 वर्ष से कम	01-04	05-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+
दुर्घटना एवं चोट	113	6·9	6·2	8·0	15·9	19·5	15·0	14·2	11·5	9·7
शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	18	1·1	-	-	-	33·3	38·9	27·8	-	-
ज्वर	273	16·7	17·9	11·0	9·5	6·2	8·4	7·0	8·1	31·9
पाचन क्रिया के विकार	139	8·5	7·2	16·5	12·9	6·5	9·4	10·8	18·0	18·7
खाँसी (श्वसन क्रिया के विकार	333	20·4	13·5	7·8	5·7	1·8	6·9	6·6	16·5	41·2
केन्द्रीय नाडी तंत्र के रोग	56	3·4	1·8	-	5·4	1·8	3·6	5·3	14·3	67·8
रक्त वह तंत्र के रोग	128	7·9	18·7	6·2	5·5	6·3	2·3	5·5	16·4	39·1
अन्य स्पष्ट लक्षणो के रोग	98	6·0	3·0	6·1	8·2	5·1	9·2	11·2	18·4	38·8
बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियाँ	136	8·4	100·0	-	-	-	-	-	-	-
बुढापा	338	20·7	-	-	-	-	-	-	-	100·0
सूचित मृत्युओं की संख्या	1632	100·0	16·9	6·3	6·1	4·5	5·9	6·0	9·9	44·4

3·87 मध्य प्रदेश में वर्ष 1991 में मुख्य कारण समूहों के अन्तर्गत आयु समूहों के अनुसार मृत्युओं के प्रतिशत वितरण से पता चलता है कि "दुर्घटना एवं चोट" के कारण सबसे अधिक 19·5 प्रतिशत मृत्युएं 15-24 वर्ष के आयु समूह में हुई । इसी प्रकार वर्ष 1991 के दौरान "शिशु जन्म एवं गर्भावस्था" के कारण सबसे अधिक अर्थात 72·2 प्रतिशत मृत्युएं 15-34 वर्ष के आयु समूह में हुई । "ज्वर" और "पाचन क्रिया के विकार" से क्रमशः 28·9 प्रतिशत और 23·7 प्रतिशत मृत्युएं 1-4 वर्ष के आयु समूह में हुई ।

3·88 "खांसी {श्वसन क्रिया के विकार} के कारण 57·7 प्रतिशत मृत्युएं 15 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में हुई तथा "केन्द्रीय नाडी तंत्र के विकार" से 67·8 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में हुई । वर्ष 1991 के दौरान "रक्त-वह-तंत्र के रोगों" से सबसे अधिक 39·1 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में हुई । इसी प्रकार "अन्य स्पष्ट लक्षणों" के रोगों के कारण 38·8 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में हुई ।

3·89 मध्य प्रदेश राज्य से वर्ष 1991 में सर्वेक्षण के अन्तर्गत सूचित सभी मृत्युओं की जानकारी के आधार पर 10 अत्यन्त घातक विशिष्ट कारणों का चयन करने का प्रयास किया गया है । इन दस अत्यन्त घातक विशिष्ट कारणों से कुल सूचित मृत्युओं में से 47·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जिसे नीचे दिए गए विवरण में प्रस्तुत किया गया है :

विवरण- 43

मध्य प्रदेश राज्य में मृत्यु के 10 अत्यन्त घातक कारण तथा कुल मृत्युओं में उनका प्रतिशत, 1991

चयित विशिष्ट कारण	कुल सूचित मृत्युओं का प्रतिशत	आयु समूह वर्षों में (व्यक्ति) 1991								
		1 वर्ष से कम	01-04	05-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+	सभी आयु
1. मलेरिया	8.6	18.6	8.6	9.3	5.0	7.8	8.6	7.8	34.3	100.0
2. फेफड़ों का क्षयरोग	8.5	-	1.4	2.2	2.9	10.9	13.8	26.8	42.0	100.0
3. निमोनिया	6.1	45.5	24.3	14.1	2.0	4.0	1.0	1.0	8.1	100.0
4. ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा	5.4	-	-	2.3	-	4.5	1.1	12.5	70.6	100.0
5. एनीमिया	4.5	32.4	10.8	8.1	6.8	2.7	2.7	6.8	29.7	100.0
6. गेस्ट्रोइन्ट्राटिस	3.5	7.0	21.1	21.0	1.8	7.0	12.3	14.0	15.8	100.0
7. अपरिपक्वता (प्रीमेचोरिटी)	3.2	100.0	-	-	-	-	-	-	-	100.0
8. लकवा	2.8	-	-	2.2	2.2	-	4.5	13.3	77.8	100.0
9. दिल का दौरा	2.7	-	-	2.3	4.5	2.3	9.1	27.3	54.5	100.0
10. कैंसर	2.5	-	-	2.4	7.3	7.3	4.9	24.4	53.7	100.0

3·90 दस अत्यन्त घातक कारणों में "मलेरिया" का प्रथम स्थान है जिसके कारण कुल 8·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई जिसमें से 34·3 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में हुई । "फेफड़ों के क्षयरोग" से 8·5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । इनमें से 42·0 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में हुई । "निमोनिया" का इसमें तीसरा स्थान है जिसके कारण कुल 6·1 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । 45·5 प्रतिशत ऐसी मृत्युएं 1 वर्ष से कम आयु समूह में हुई । "ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा" का चौथा स्थान है जिससे कुल 5·4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । अधिकांश अर्थात 79·6 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह में हुई । "एनीमिया" के कारण कुल 4·5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जिसमें से 32·4 प्रतिशत मृत्युएं एक वर्ष और उससे कम आयु समूह में हुई । "गेस्ट्रोइन्ट्राइटिस" मृत्युओं का छठा मुख्य कारण है जिसके कारण कुल 3·5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । 21·1 प्रतिशत ऐसी मृत्युएं 1-4 वर्ष के आयु समूह में हुई । "अपरिपक्व अवस्था में जन्म" का मुख्य कारणों में सातवां स्थान है जिसके कारण वर्ष 1991 में कुल 3·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई ।

3·91 "लकवे" के कारण कुल 2·8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई और मृत्यु के दस महत्वपूर्ण कारणों में इसका आठवां स्थान है । इसमें 77·8 प्रतिशत मृत्युएं अधिक आयु अर्थात 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सूचित की गई । "दिल के दौरे" का नौवां स्थान है जिसके कारण 2·5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई और 54·5 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक आयु समूह में हुई । "कैंसर" से 2·5 प्रतिशत मृत्युएं हुई जिसका कि दसवां स्थान है और 53·7 प्रतिशत मृत्युएं अधिक वर्ष के आयु समूह 60 वर्ष और उससे अधिक में हुई ।

महाराष्ट्र

3·92 चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के 120 सैम्पल ग्रामों में स्वास्थ्यऔर परिवार कल्याण निदेशालय, महाराष्ट्र द्वारा मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण किया जा रहा है । वर्ष 1991 के दौरान इन 120 सैम्पल ग्रामों की कुल जनसंख्या लगभग 5,61,871 व्यक्ति थी । कुछ वर्षों में घटनाओं की कवरेज संतोषजनक रही है । वर्ष 1991 में रिपोर्ट की गई मृत्युओं की कुल संख्या 4786 थी जबकि 1987 में यह 3216 थी ।

विवरण-44

महाराष्ट्र में मृत्यु के कारणों के सर्वेक्षण का कवरेज-1987-1991

वर्ष	प्रा0स्वा0 केन्द्रों की संख्या	1990 में कुल जनसंख्या	मासिक विवरणियों की संख्या			रिपोर्ट की गई मृत्युओं की संख्या	प्रति चयित प्रा0 स्वा0 केन्द्र मृत्युएं
			सम्भावित	प्राप्त	प्रतिशत		
1987	82		984	984	100·0	3216	26·8
1988	120		1440	1440	100·0	4957	41·3
1989	120		1440	1440	100·0	4615	38·5
1990	120		1440	1440	100·0	4449	37·1
1991	120	561871	1440	1440	100·0	4786	39·9

3·93 वर्ष 1987-91 के लिए मुख्य कारण समूहों के अनुसार मृत्युओं के वितरण को नीचे दिए गए विवरण में प्रस्तुत किया गया है । मुख्य कारण समूह "दुर्घटना एवं चोट" के अधीन 1987 में 8·0 प्रतिशत और 1991 में 9·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । यह देखा गया है कि इस मुख्य कारण समूह में "जलने" के कारण 32·7 प्रतिशत मृत्युएं, "वाहन दुर्घटना" से 25·0 प्रतिशत और "डूबने" से 14·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई । {मृत्युओं के विशिष्ट कारणों के प्रतिशत के लिए सारणी 6 देखें} ।

विवरण-45

महाराष्ट्र में मुख्य कारण समूह के अनुसार मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण 1987-1991

कारण	वर्ष				
	1987	1988	1989	1990	1991
1· दुर्घटना एवं चोट	8·0	7·3	9·5	10·7	9·2
2· शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	0·6	0·7	0·7	0·7	1·0
3· ज्वर	2·9	3·1	3·1	2·2	2·6
4· पाचन क्रिया के विकार	2·9	3·1	4·5	3·8	3·4
5· खांसी {श्वसन क्रिया के विकार}	17·8	19·7	20·0	17·6	17·7
6· केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार	4·2	4·3	4·0	3·7	3·9
7· रक्त-वह-तंत्र के विकार	8·0	6·9	8·2	8·8	8·8
8· अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	13·1	10·7	6·8	9·1	8·8
9· बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	14·0	12·2	12·2	13·1	13·3
10· बुढ़ापा	28·5	32·0	31·0	30·3	31·3
सूचित मृत्युओं की संख्या	3216	4957	4615	4449	4786
	100·0	100·0	100·0	100·0	100·0

3·94 "ज्वर" मुख्य कारण समूह के कारण वर्ष 1991 में 2·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई जबकि 1989 मे 3·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी । 1991 में इस मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत 44·8 प्रतिशत मृत्युएं "टाइफाइड" के कारण सूचित की गई हैं तथा 49·6 प्रतिशत मृत्युएं "अवर्गीकृत ज्वर" के कारण सूचित की गई हैं ।

3·95 "पाचन क्रिया के विकार" कारण समूह के अन्तर्गत वर्ष 1991 में 3·4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में 2·9 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी । इस मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत "सख्त पेट दर्द" के कारण 40·6 प्रतिशत, "गेस्ट्रोएन्ट्राईटिस" से 17·5 प्रतिशत, "विषाक्त भोजन" से 13·1 प्रतिशत तथा "पेप्टिक अल्सर" से 11·3 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं।

3·96 खांसी {श्वसन क्रिया के विकार} के मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत वर्ष 1991 में 17·7 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं जबकि 1989 में 20·0 प्रतिशत सूचित की गई थी । इस मुख्य कारण समूह में "ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा" से 41·5 प्रतिशत, "निमोनिया" से 31·6 प्रतिशत तथा "फेफड़ों के क्षय रोग" से 24·5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं ।

3·97 "केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार" के कारण होने वाली मृत्युओं में कई वर्षों से कमी आ रही है । वर्ष 1987 में 4·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी जबकि 1991 में 3·9 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं । इस मुख्य कारण समूह में "लकवा" से 53·8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं ।

3·98 "रक्त-वह-तंत्र के रोग" के कारण महाराष्ट्र में वर्ष 1991 में 8·8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं जबकि 1987 में 8·0 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी । "दिल का दौरा" एक मुख्य विशिष्ट कारण है। इसमें 52·0 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई । "अन्य स्पष्ट लक्षणों" के मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत वर्ष 1991 में 8·8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में इसका प्रतिशत 13·1 था । कैंसर एक मुख्य विशिष्ट कारण है - जिसके कारण 33·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई, सूत्रणरोग {सिरोसिस} और पुराने यकृत रोग के कारण 16·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·99 "बाल्यावस्था के विशिष्ट कारणों" के कारण वर्ष 1991 में 13·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई जबकि 1987 में 14·0 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी । "अपरिपक्व अवस्था में जन्म" एक मुख्य विशिष्ट कारण है जिसकी वजह से इस मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत 73·4 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·100 महाराष्ट्र में 1991 के दौरान मृत्युओं के मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत प्रभावित आयु-समूहों का विश्लेषण विवरण-46 में किया गया है :

विवरण-46

महाराष्ट्र में मुख्य कारण समूह के अनुसार मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण, 1991

मुख्य कारण समूह	मृत्युओं की कुल संख्या	कुल मृत्युओं में मृत्यु का प्रतिशत	वर्षों में आयु समूह (व्यक्त) 1991 एक वर्ष से कम	01-04	05-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+
दुर्घटना एवं चोट	440	9·2	2·0	3·9	11·4	22·5	26·8	14·3	11·4	7·7
शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	50	1·0	-	-	-	50·0	42·0	8·0	-	-
ज्वर	125	2·6	1·6	19·2	24·0	12·8	15·2	4·8	11·2	11·2
पाचन क्रिया के विकार	160	3·4	4·4	13·8	9·4	12·5	18·1	10·0	20·6	11·2
खांसी (श्वसन क्रिया के विकार)	848	17·7	13·9	11·7	5·0	3·5	6·1	8·8	14·2	36·7
केन्द्रीय नाड़ी तत्र के विकार	186	3·9	8·6	9·2	8·6	9·1	5·9	9·1	14·0	35·5
रक्त-वह-तत्र के रोग	419	8·8	0·5	6·4	5·5	5·7	8·6	12·4	25·8	35·4
अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	423	8·8	-	3·8	5·2	6·6	12·1	14·4	28·6	29·7
बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	638	13·3	100·0	-	-	-	-	-	-	-
बुढ़ापा	1497	31·3	-	-	-	-	-	-	-	100·0
सूचित मृत्युओं की संख्या	4786	100·0	16·6	4·6	4·1	5·4	7·0	6·2	9·9	46·1

3·101 वर्ष 1991 के दौरान 15-24 और 25-34 आयु समूह में लगभग 50 प्रतिशत मृत्युएं दुर्घटना चोट के कारण हुई हैं, 15-34 वर्ष आयु समूह में 92 प्रतिशत मातृक मृत्युएं सूचित की गई हैं । 1-4 5-14 आयु समूह में "ज्वर" के कारण अन्य आयु समूहों की अपेक्षा शिशुओं की मृत्युएं अधिक होती हैं । प क्रिया के विकार के कारण मृत्युएं मुख्यतः उच्च आयु समूह में हुई हैं । खांसी (श्वसन क्रिया के विकार कारण मृत्युएं मुख्यतः 4 वर्ष से कम आयु समूह और 45 वर्ष और उससे अधिक आयु समूह में हुई केन्द्रीय नाड़ी तंत्र विकार के कारण 49 प्रतिशत से अधिक मृत्युएं उच्च आयु समूह में हुई हैं । रक्त-वा के रोग और अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग में भी यही स्थिति पाई गई है ।

विवरण-47

चयित दस अत्यन्त विशिष्ट कारण और आयु समूह-वार कुल मृत्युओं में उनका प्रतिशत, 1991
महाराष्ट्र

चयित विशिष्ट कारण	कुल सूचित मृत्युओं का प्रतिशत	वर्षों में आयु समूह (व्यक्ति) 1991							
		एक वर्ष से कम	01-04	5-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+	योग
1. अपरिपक्वता	9.8	100.0	-	-	-	-	-	-	-	100.0
2. ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा	7.4	-	0.6	0.6	1.1	1.7	4.0	21.0	71.0	100.0
3. निमोनिया	5.6	44.0	33.2	11.6	3.7	2.6	0.8	0.7	3.4	100.0
4. दिल का दौरा	4.6	-	-	-	1.4	4.1	12.4	32.6	49.5	100.0
5. फेफड़ों का क्षयरोग	4.4	-	0.5	3.8	7.7	17.8	25.5	21.1	23.6	100.0
6. जलने से	3.0	1.4	1.4	4.2	29.2	30.5	16.7	9.0	7.6	100.0
7. कैंसर	3.0	-	1.4	0.7	3.5	4.9	16.8	32.9	39.8	100.0
8. वाहन दुर्घटना	2.3	1.8	4.5	8.2	17.3	30.0	16.4	14.5	7.3	100.0
9. लकवा	2.1	-	1.0	-	6.0	4.0	9.0	19.0	61.0	100.0
10. एनीमिया	1.5	1.4	27.2	10.0	5.7	15.7	14.3	14.3	11.4	100.0

3.102 व्यापक आयु समूह के अनुसार दस अत्यन्त घातक विशिष्ट कारणों के आधार पर 1991 में मृत्यु के कारणों के प्रोफाइल का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है । महाराष्ट्र राज्य में 1991 के दौरान सूचित की गई मृत्युओं में से 43.7 प्रतिशत से अधिक मृत्युएं इन दस अत्यन्त विशिष्ट रोगों से हुई हैं जिसका ब्यौरा विवरण 47 में प्रस्तुत किया गया है ।

3.103 वर्ष 1991 में "अपरिपक्व अवस्था में जन्म" एक अत्यन्त घातक कारण के रूप में उभरा है । कुल सूचित मृत्युओं में इनका प्रतिशत 9.8 है । ब्रोंकाइटिस और अस्थमा का दूसरा स्थान है जिसके कारण 7.4 प्रतिशत से अधिक मृत्युएं हुई हैं । इस कारण से 92.0 प्रतिशत मृत्युएं 45-59 और 60 वर्ष के आयु वर्ग में हुई हैं । निमोनिया का स्थान तीसरा है जिसके कारण 5.6 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं । इन मृत्युओं में 77.0 प्रतिशत मृत्युएं 4 वर्ष से कम आयु वर्ग में हुई हैं । कुल मृत्युओं में "दिल के दौरे" से 4.6 मृत्युएं हुई हैं जिसमें से अधिकांश अधिक आयु समूह में हुई हैं । "फेफड़ों के क्षय रोग" के कारण 4.4 प्रतिशत मृत्युएं हुई है जिनमें से मृत्युओं का उच्च प्रतिशत 25 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के आयु वर्ग में देखा गया है । "जलने के कारण" मृत्युओं का स्थान छठा है जिसके कारण 3.0 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जिसमें से लगभग

60·0 प्रतिशत मृत्युएं 15-24 तथा 25-34 वर्ष के आयु वर्ग में हुई हैं । "कैंसर" के कारण 3·0 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं तथा इनमें से अधिकतर मृत्युएं अधिक आयु वर्ग में हुई हैं । "वाहन दुर्घटना" का स्थान आठवां है जिसके कारण 2·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जिनमें अधिकांश मृत्युएं युवा वर्ग में हुई हैं । "लकवे" के कारण 2·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जिनमें से 80 प्रतिशत से भी अधिक मृत्युएं 45-59 और 60 से अधिक आयु वर्ग मे हुई हैं । "एनीमिया" के कारण हुई मृत्युओं का स्थान दसवां है जिसके कारण 1·5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं तथा ये अधिकांश मृत्युएं बच्चों और प्रौढ़ावस्था के व्यक्तियों की हुई हैं ।

उड़ीसा

3·104 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशालय, उड़ीसा द्वारा चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के 46 सैम्फ्ल ग्रामों में मृत्युओं के सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है । इन सैम्फ्ल ग्रामों में लगभग 1,44,400 व्यक्तियों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया है । कई वर्षों से घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने में निरंतर सुधार हो रहा है । 1991 में कुल 1301 मृत्यु होने की सूचना दी गई है जबकि 1987 में 863 मृत्युएं सूचित की गई थी । इसे विवरण-48 में प्रस्तुत किया गया है ।

विवरण-48

उड़ीसा में मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण : 1987-1991

वर्ष	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या	सर्वेक्षण में शामिल व्यक्तियों की सं0 1990	मासिक प्रातवेदनों की संख्या			सूचित मृत्युओं की संख्या	चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अनुसार मृत्युओं की संख्या
			सम्भावित	प्राप्त	प्रातिशत		
1987	46		552	552	100·0	863	18·8
1988	46		552	552	100·0	867	18·8
1989	46		552	548	99·3	1192	25·9
1990	46		552	552	100·0	1104	24·0
1991	46	144404	552	552	100·0	1301	28·3

3·105 वर्ष 1987-1991 के सम्बन्ध में मुख्य कारण समूहों के अनुसार मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण विवरण-49 में दिया गया है।

विवरण-49

उड़ीसा में मुख्य कारण समूहों के अनुसार मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण 1987-1991

कारण	वर्ष				
	1987	1988	1989	1990	1991
1. दुर्घटना एवं चोट	4.1	3.9	4.6	7.0	5.2
2. शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	1.0	0.7	1.8	1.4	1 3
3. ज्वर	4.2	7.3	5.6	5.7	5 5
4. पाचन क्रिया के विकार	8.2	10.6	12.2	12.0	9.3
5. खांसी{श्वसन क्रिया के विकार}	8.1	13.5	16.5	14.5	15.4
6. केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार	3.6	8.7	9.6	7.7	7.6
7. रक्त-वह-तंत्र के रोग	11.2	16.0	18.0	19.5	18.8
8. अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	7.8	8.5	9.6	8.6	9.6
9. बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	12.1	14.9	11.6	10.5	11.3
10. बुढ़ापा	39.7	15.9	10.2	13.1	16.1
सूचित मृत्युओं की संख्या	863	867	1192	1104	1301
	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

3.106 मुख्य कारण समूह "दुर्घटना एवं चोट" के कारण 1991 में 5.2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जब कि 1987 में 4.1 प्रतिशत तथा 1990 में 7 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी । यह देखा गया है कि मुख्य कारण समूह में "आत्महत्या" के कारण 36.8 प्रतिशत, "साप के काटने" के कारण 19.1 प्रतिशत और "वाहन दुर्घटना" से 11.8 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं । {मृत्युओं के विशिष्ट कारणों के प्रतिशत की जानकारी के लिए सारणी-6 देखें}।

3.107 "ज्वर" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत 1991 में 5.5 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जबकि 1987 में 4.2 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी । मलेरिया और इन्फ्लुएंजा प्रत्येक के कारण 14.1 प्रतिशत, टाइफाइड से 12.7 प्रतिशत और "अवर्गीकृत ज्वर" के कारण 59.2 प्रतिशत मृत्युए हुई हैं ।

3.108 "पाचन क्रिया के विकार" मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत 1991 में 9.3 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1989 में ये 12.2 प्रतिशत थी । इस मुख्य कारण समूह के

अन्तर्गत विशिष्ट कारणों में पेचिश के कारण 32·2 प्रतिशत, गेस्ट्रोएंट्राइटिस के कारण 30·6 प्रतिशत और पैप्टिक अल्सर के कारण 19·0 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·109 खांसी (श्वसन क्रिया के विकार) के कारण 1991 में 15·4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में ये 8·1 प्रतिशत थी । इस मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत विशिष्ट कारणों में "ब्रोंकाइटिस और अस्थमा" के कारण 47·5 प्रतिशत, फेफड़ों के क्षय रोग के कारण 24·5 प्रतिशत और निमोनिया के कारण 23·5 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·110 "केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार" के कारण 1991 में 7·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई जबकि 1987 में इनका प्रतिशत 3·6 था । इस मुख्य कारण समूह में लकवा एक प्रमुख कारण है जिसकी वजह से 66·7 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·111 "रक्त-वह-तंत्र के रोगों" के कारण 1991 में 18·8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में ये 11·2 प्रतिशत थीं । एनीमिया मृत्युओं का मुख्य कारण रहा है जिसकी वजह से 1991 में 47·5 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·112 "अन्य स्पष्ट लक्षणों" के कारण 1991 में 9·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई जबकि 1987 में ये 7·8 प्रतिशत थी । इस मुख्य कारण समूह में कैंसर के कारण 18·4 प्रतिशत और पीलिया से 17·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई । "बाल्यावस्था के विशिष्ट कारणों" के अन्तर्गत हुई मृत्युओं का प्रतिशत पिछले 5 वर्षों के दौरान हुई कुल मृत्युओं का 10-12 प्रतिशत है । इस मुख्य कारण समूह में "अपरिपक्व अवस्था में जन्म" एक विशिष्ट कारण है जिसकी वजह से 68·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई तथा नवजात शिशुओं में श्वास संक्रमण के कारण 15·7 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

विवरण-50

मुख्य कारण समूहों के अन्तर्गत आयु वर्ग के अनुसार मृत्युओं का प्रतिशत वितरण : उड़ीसा-1991

			वर्षों में आयु-वर्ग (व्यक्ति) 1991							
	कुल मृत्युओं की संख्या	कुल मृत्युओं में मृत्यु का प्रतिशत	एक वर्ष से कम	01-04	05-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+
दुर्घटना एवं चोट	68	5·2	-	4·4	8·8	19·1	25·0	14·7	11·8	16·2
शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	17	1·3	-	-	-	52·9	29·4	11·8	5·9	-
ज्वर	71	5·5	7·1	15·5	29·6	14·1	2·8	7·0	7·0	16·9
पाचन क्रिया के विकार	121	9·3	11·6	14·1	13·2	4·1	6·6	7·4	17·4	25·6
खांसी (श्वसन क्रिया के विकार)	200	15·4	12·0	12·0	4·5	3·5	7·0	9·5	19·0	32·5
केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार	99	7·6	5·0	8·1	8·1	2·0	5·1	4·0	20·2	47·5
रक्त-वह-तंत्र के रोग	244	18·8	7·4	5·7	3·3	7·8	7·4	4·9	21·3	42·2
अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	125	9·6	14·4	6·4	8·8	7·2	7·2	6·4	11·4	27·2
बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	17	11·3	100·0	-	-	-	-	-	-	-
बुढ़ापा	209	16·1	- -	-	-	-	-	-	-	100·0
सूचित मृत्युओं की संख्या	1301	100·0	17·8	6·5	6·1	5·7	6·0	5·3	13·3	39·3

3·113 उड़ीसा में 1991 में मृत्युओं के मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत प्रभावित आयु वर्ग के विश्लेषण का ब्यौरा विवरण-50 में दिया गया है । "दुर्घटना एवं चोट" के कारण 15-34 वर्ष के आयु वर्ग में 44 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं । 15-24 वर्ष के आयु वर्ग में मातृक मृत्युओं {शिशु जन्म एवं गर्भावस्था} का प्रतिशत सबसे अधिक अर्थात् 52·9 प्रतिशत रहा है । "ज्वर" के कारण हुई मृत्युओं में 15 वर्ष से कम आयु-वर्ग में हुई मृत्युओं का प्रतिशत 50 प्रतिशत से भी अधिक है । "पाचन क्रिया के विकार" के कारण 15 वर्ष से कम आयु वर्ग और 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्ति प्रभावित हुए हैं । "खांसी {श्वसन क्रिया के विकार}" के कारण अधिकांश मृत्युएं 5 वर्ष तथा उससे कम और 45 वर्ष तथा उससे अधिक आयु-वर्ग में हुई हैं । "केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार" के कारण भी समान आयु-वर्ग में मृत्युएं दर्ज की गई हैं । "रक्त-वह-तंत्र के विकार" के कारण उच्च आयु-वर्ग प्रभावित हुआ है तथा इनमें से 65 प्रतिशत से अधिक मृत्युएं 45 वर्ष तथा उससे अधिक आयु-वर्ग में हुई हैं । अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोगों के कारण हुई मृत्युओं में भी यही समानता देखी गई है ।

3·114 1991 में आयु-वर्ग वार दस अत्यन्त घातक रोगों के आधार पर मृत्यु के कारणों के प्रोफाइल का अध्ययन करने का भी प्रयास किया गया है । 1991 में इन 10 अत्यन्त घातक रोगों के कारण 40·4 प्रतिशत से भी अधिक मृत्युएं हुई हैं जिनका ब्यौरा विवरण-51 में दिया गया है ।

विवरण-5।

उड़ीसा में दस अत्यन्त घातक मृत्यु के विशिष्ट कारण और कुल मृत्युओं में उनका आयु वर्ग के आधार पर वितरण - 1991।

चयित विशिष्ट कारण	कुल सूचित मृत्युओं में उनका प्रतिशत	वर्षों में आयु वर्ग (व्यक्ति) 1991								
		एक वर्ष से कम	1-04	5-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+	सभी आयु
1. एनीमिया	8.9	10.3	7.8	2.6	6.9	4.3	6.9	15.5	45.7	100.0
2. ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा	7.3	5.3	11.6	3.1	2.1	4.2	5.3	25.3	43.1	100.0
3. लकवा	5.0	-	-	-	-	6.1	4.5	27.3	62.1	100.0
4. फेफड़ों का क्षय रोग	3.8	-	2.0	2.0	4.1	18.4	24.5	20.4	28.6	100.0
5. निमोनिया	3.6	36.2	25.5	10.7	6.4	2.1	2.1	-	17.0	100.0
6. पेचिश	3.0	20.5	12.8	12.8	-	2.6	10.2	2.6	38.5	100.0
7. गेस्ट्रोएंट्राइटिस	2.8	10.8	27.1	21.6	5.4	5.4	8.1	5.4	16.2	100.0
8. दिल का दौरा	2.3	-	-	3.3	3.3	10.0	-	36.7	46.7	100.0
9. आत्महत्या	1.9	-	-	-	36.0	20.0	20.0	12.0	12.0	100.0
10. कैंसर	1.8	-	-	4.4	4.4	4.3	-	56.5	30.4	100.0

3.115 एनीमिया उड़ीसा में मृत्युओं का एक घातक कारण बनकर उभरा है । कुल सूचित मृत्युओं में इसका प्रतिशत [illegible] है जिनमें से 61.2 प्रतिशत मृत्युएं 45 वर्ष और उससे अधिक के आयु वर्ग में हुई हैं। लकवे के कारण 45 वर्ष तथा उससे अधिक वर्षों के आयु वर्ग में 89 प्रतिशत से भी अधिक मृत्युएं हुई हैं । फेफड़ों के [illegible] रोग के कारण 3.8 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं तथा इनमें से अधिकांश मृत्युएं 25-34, 35-44, 45-59 [illegible] और उससे अधिक के आयु वर्ग में हुई हैं । निमोनिया के कारण हुई मृत्युओं का स्थान [illegible] जिसके कारण 3.6 मृत्युएं हुई हैं । इनमें से 36.2 प्रतिशत मृत्युएं 4 वर्ष से कम आयु वर्ग में [illegible] पेचिश के कारण 3 प्रतिशत मृत्युएं होना [illegible] तथा इनमें से अधिकांश मृत्युएं एक वर्ष से [illegible] और उससे अधिक आयु वर्ग में हुई [illegible] से हुई मृत्युओं का स्थान सातवां है तथा इसके कारण 2.8 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं और इनका [illegible] उससे कम तथा 60 वर्ष और उससे अधिक का आयु वर्ग प्रभावित रहा है । दिल के दौरे के कारण 2.3 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं और इससे हुई मृत्युओं का स्थान आठवां है । दिल के दौरे के कारण 83.4 प्रतिशत मृत्युएं 45-59 वर्ष और 60 तथा उससे अधिक आयु वर्ग में हुई हैं । आत्महत्या से हुई मृत्युओं का [illegible] है जिसके कारण 1.9 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं । ये मृत्युएं अधिकांशतः 15-24, 25-34 तथा 35-44 वर्ष के आयु वर्ग में सूचित की गई हैं । कैंसर से 1.8 प्रतिशत मृत्युएं होने की सूचना है जिसमें से [illegible] प्रतिशत मृत्युएं अधिक आयु वर्ग में सूचित की गई हैं । कैंसर से हुई मृत्युओं का दसवां स्थान है ।

पंजाब

3·116 पंजाब में मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण (ग्रामीण) सैम्पल ग्रामों के 56 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जा रहा है । इस सर्वेक्षण के अन्तर्गत 56 सैम्पल ग्रामों के लगभग 203012 व्यक्तियों को शामिल किया गया है । इन चयित यूनिटों से प्राप्त सर्वेक्षण के आंकड़ों के मासिक प्रतिवेदनों से यह पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान मासिक प्रतिवेदनों की प्राप्ति का प्रतिशत 100 प्रतिशत से घटकर 85·3 प्रतिशत रह गया है । 1987 से 1991 तक सूचित मृत्युओं की संख्या विवरण-52 में दी गई है :

विवरण-52

पंजाब में मृत्यु के कारणों के सर्वेक्षण की कवरेज 1987-1991

वर्ष	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या	सर्वेक्षण में सम्मिलित जनसंख्या 1990	मासिक प्रतिवेदनों की संख्या			सूचित मृत्युओं की संख्या	चयित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वार मृत्युएं
			सम्भावित	प्राप्त	प्रतिशत		
1987	56		672	672	100·0	1184	21·14
1988	56		672	672	100·0	1159	20·70
1989	56		672	655	97·5	1145	20·45
1990	56	203012	672	605	90·0	1065	19·02
1991	56		672	573	85·3	995	17·77

3·117 वर्ष 1987-1991 के सम्बन्ध में मुख्य कारण समूहों के अनुसार मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण विवरण-53 में दिया गया है ।

विवरण-53

1987-1991 के दौरान पंजाब में मुख्य कारण समूह के अनुसार मृत्युओं का प्रतिशत वितरण

कारण	वर्ष				
	1987	1988	1989	1990	1991
1. दुर्घटना एवं चोट	7.5	10.1	8.3	9.3	12.2
2. शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	0.2	0.5	0.3	0.1	0.3
3. ज्वर	28.3	21.4	18.5	23.9	23.9
4. पाचन क्रिया के विकार	6.5	5.4	6.7	4.4	4.3
5. खांसी (श्वसन क्रिया के विकार)	14.6	15.4	15.1	13.4	11.7
6. केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार	2.0	2.5	2.5	3.4	3.6
7. रक्त-वह-तंत्र के रोग	11.5	11.9	12.6	16.3	15.4
8. अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	6.7	5.9	7.9	6.2	6.0
9. बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	4.8	5.0	4.6	2.8	1.8
10. बुढ़ापा	17.9	22.2	23.5	20.1	20.8
कुल सूचित मृत्युओं की संख्या	1184	1159	1145	1065	995
	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

3.118 मुख्य कारण समूह "दुर्घटना एवं चोट" के कारण 1991 के दौरान 12.2 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जबकि 1987 में 7.5 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी । यह देखा गया है कि इस मुख्य कारण समूह में वाहन दुर्घटना के कारण 29.8 प्रतिशत, हत्या के कारण 25.6 प्रतिशत और जलने के कारण 12.4 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं (सारणी-6) ।

3·119 "ज्वर" मुख्य कारण समूह के कारण 1991 में 23·9 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं जबकि 1987 में 28·3 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी । यह देखा गया है कि इनमें से 59·2 प्रतिशत मृत्युएं अवर्गीकृत ज्वर के कारण और 32·8 प्रतिशत मृत्युएं मलेरिया के कारण हुई हैं ।

3·120 "पाचन क्रिया के विकार" मुख्य कारण समूह के कारण 1991 में 4·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई जबकि 1987 में 6·5 प्रतिशत मृत्युएं होने की सूचना थी । इस मुख्य कारण समूह में अत्यन्त घातक रोग "गैस्ट्रोएन्ट्राइटिस" रोग से 51·2 प्रतिशत मृत्युएं, पेचिश के कारण 18·6 प्रतिशत मृत्युएं और सख्त पेट दर्द के कारण 11·6 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं ।

3·121 "खांसी" मुख्य कारण समूह के कारण 1991 में 11·7 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जबकि 1987 में इनका प्रतिशत 14·6 था । ब्रांकाईटिस एवं अस्थमा अत्यन्त घातक कारण रहा है जिसके कारण 62·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई । इस मुख्य कारण समूह में विशिष्ट कारणों में निमोनिया से 25·9 प्रतिशत मृत्युएं होने की सूचना है ।

3·122 "केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार" के कारण 3·6 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई हैं जबकि 1987 में इस विकार के कारण 2·0 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी । इस मुख्य कारण समूह में "लकवा" एक विशिष्ट कारण है जिसकी वजह से 83·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·123 "रक्त-वह-तंत्र के रोग" के कारण 1991 में 15·4 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में 11·5 प्रतिशत मृत्युओं की सूचना दी गई थी । "दिल का दौरा" विशिष्ट कारण से 1991 के दौरान 94·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

3·124 "अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग" के कारण 1991 में 6·0 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में 6·7 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी । "कैंसर" अत्यन्त घातक कारण सिद्व हुआ है जिसके कारण 63·3 प्रतिशत मृत्युएं होने की सूचना है ।

3·125 "बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां" से हुई मृत्युओं के प्रतिशत में कमी आई है 1991 में 1·8 प्रतिशत मृत्युएं होने की सूचना है जबकि 1987 में 4·8 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी । "अपरिपक्व अवस्था में जन्म" के कारण 50·0 प्रतिशत मृत्युएं हुई

तत्पश्चात नवजात शिशुओं में अतिसार रोग के कारण 16·8 प्रतिशत और अवर्गीकृत रोग के कारण 16·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

3·126 1991 में पंजाब में मृत्युओं के मुख्य कारण समूहों के अन्तर्गत प्रभावित आयु वर्गों का विश्लेषण विवरण-54 में किया गया है :

विवरण-54

पंजाब में मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत आयु-वर्ग के अनुसार मृत्युओं का प्रतिशत वितरण, 1991

मुख्य कारण समूह	कुल सूचित मृत्युओं की संख्या	कुल मृत्युओं में उनका प्रतिशत	एक वर्ष से कम	1-4	5-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+
दुर्घटना एवं चोट	121	12·2	1·7	0·8	7·4	19·8	20·7	19·8	14·1	15·7
शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	3	0·3	-	-	-	-	100·0	-	-	-
ज्वर	238	23·9	10·5	5·9	5·5	6·3	5·0	5·0	10·5	51·3
पाचन क्रिया के विकार	43	4·3	25·6	9·3	7·0	11·6	11·6	9·3	9·3	16·3
खाँसी (श्वसन क्रिया के विकार)	116	11·7	14·7	0·9	4·3	1·7	4·3	4·3	16·4	53·4
केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार	36	3·6	-	2·8	2·8	8·3	8·3	2·8	-	75·0
रक्त-वह-तंत्र के रोग	153	15·4	2·0	0·7	1·3	3·9	12·4	9·2	24·8	45·7
अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	60	6·0	1·6	1·7	-	3·3	5·0	6·7	21·7	60·0
बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियाँ	18	1·8	100·0	-	-	-	-	-	-	-
बुढ़ापा	207	20·8	-	-	-	-	-	-	-	100·0
कुल सूचित मृत्युओं की संख्या	995	100·0	7·8	2·3	3·3	5·7	7·5	6·4	11·7	55·3

3·127 यह स्पष्ट है कि इस मुख्य कारणसमूह में अधिकांश मृत्युएं अधिक आयु के व्यक्तियों की हुई हैं । शिशु जन्म तथा गर्भावस्था के कारण 25-34 वर्ष के आयु-वर्ग में हुई 100 प्रतिशत मृत्युएं इसका अपवाद हैं । दुर्घटना एवं चोट के कारण 20·7 प्रतिशत मृत्युएं 25-34 वर्ष के आयु वर्ग में हुई हैं । इसी प्रकार ज्वर , खांसी , केन्द्रीय नाड़ी तंत्र के विकार, रक्त-वह-तंत्र के रोग तथा अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग मुख्य कारण समूह के अन्तर्गत मृत्युओं की संख्या काफी अधिक है तथा 60 वर्ष और उससे अधिक के आयु वर्ग में हुई कुल मृत्युओं में इनका प्रतिशत क्रमशः 51·3, 53·4, 75·0, 45·7 और 60·0 है । पाचन क्रिया के विकार के कारण एक वर्ष तथा उससे कम के आयु वर्ग में सबसे अधिक 25·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं । इसी प्रकार बाल्यावस्था के विशिष्ट रोगों के कारण एक वर्ष तथा उससे कम आयु वर्ग में शत-प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

3·128 1991 में पंजाब में व्यापक आयु वर्ग के अनुसार 10 अत्यन्त घातक विशिष्ट कारणों के आधार पर कारणों के प्रोफाइल को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है । इन 10 अत्यन्त घातक विशिष्ट कारणों से लगभग 49·7 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जिनका ब्यौरा विवरण-55 में दिया गया है :

विवरण-55

पंजाब में 10 अत्यन्त घातक मृत्यु के विशिष्ट कारण और कुल मृत्युओं में आयु-वर्ग के आधार पर उनका प्रतिशत - 1991

चयित विशिष्ट कारण	कुल सूचित मृत्युओं में उनका प्रतिशत	वर्षों में आयु वर्ग (व्यक्ति) 1991							
		एक वर्ष से कम	1-4	5-14	15-24	25-34	35-44	45-59	60+	सभी आयु
1· दिल का दौरा	14·5	-	-	1·4	3·5	13·2	9·7	26·4	45·8	100·0
2· मलेरिया	7·8	5·1	6·4	10·3	3·8	1·3	2·6	12·8	57·7	100·0
3· ब्रांकाइटिस एवं अस्थमा	7·2	-	-	1·4	2·8	1·4	2·8	18·0	73·6	100·0
4· कैंसर	3·8	-	-	-	-	5·3	5·3	28·9	60·5	100·0
5· वाहन दुर्घटना	3·6	-	-	8·3	13·9	22·2	30·6	8·3	16·7	100·0
6· हत्या	3·1	-	-	-	29·0	12·9	19·4	19·4	19·3	100·0
7· लकवा	3·0	-	-	3·3	10·0	6·7	3·3	-	76·7	100·0
8· निमोनिया	3·0	56·6	3·3	6·7	-	6·7	6·7	6·7	13·3	100·0
9· गैस्ट्रोएन्ट्राइटिस	2·2	40·9	4·6	9·1	9·1	4·6	13·6	4·5	13·6	100·0
10-जलना	1·5	-	-	6·7	20·0	40·0	13·3	13·3	6·7	100·0

3·129 1991 के दौरान "दिल का दौरा" दस अत्यन्त घातक रोगों में एक विशिष्ट कारण के रूप में दिखाई दिया है जिसके कारण लगभग 14·5 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं । इनमें से 45·8 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष तथा उससे अधिक आयु वर्ग में हुई हैं । मलेरिया से हुई मृत्युओं का स्थान दूसरा है जिसके कारण 7·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई । इनमें से 57·7 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष तथा उससे अधिक आयु वर्ग में हुई हैं । "ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा" के कारण हुई मृत्युओं का तीसरा स्थान है और इसके कारण 7·2 मृत्युएं हुई हैं जिनमें से 73·6 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में हुई हैं । इस श्रृंखला में कैंसर का स्थान चौथा है जिसके कारण 1991 के दौरान 3·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई। इस रोग से 60 वर्ष और उससे अधिक आयु का वर्ग प्रभावित रहा तथा इस वर्ग में हुई मृत्युओं का प्रतिशत 60·5 है । "वाहन दुर्घटना" से हुई मृत्युओं का स्थान पांचवां है, जिसके कारण 1991 में 3·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं। इनमें से 30·6 प्रतिशत मृत्युएं 35-44 वर्ष के आयु वर्ग में हुई हैं । "हत्या" से हुई मृत्युओं का स्थान छठा है जिसके कारण 1991 में 3·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई इनमें से 29·0 प्रतिशत मृत्युएं 15-24 वर्ष के आयु वर्ग में हुई हैं । "लकवे" का स्थान सातवां है जिसकी वजह से 1991 में 3·0 प्रतिशत मृत्युएं हुई इनमें से 76·7 प्रतिशत मृत्युएं 60 वर्ष तथा उससे अधिक के आयु वर्ग में हुई है । "निमोनिया" के कारण 1991 में 3.0प्रतिशत मृत्युएं हुई जिनमें से 56·6 प्रतिशत मृत्युएं एक वर्ष से कम आयु वर्ग में हुई हैं । "गैस्ट्रोएन्ट्राइटिस" से हुई 2·2 प्रतिशत मृत्युओं का स्थान नौंवां है जिनमें से 40·9 प्रतिशत मृत्युएं एक वर्ष से कम आयु वर्ग में हुई हैं । "जलने" से हुई मृत्युओं का स्थान दसवां है । इसके कारण हुई 1·5 प्रतिशत मृत्युओं में से 60·1 प्रतिशत मृत्युएं 15-24 और 25-34 वर्ष के आयु वर्ग में हुई हैं ।

राजस्थान

3·130 राजस्थान में मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण {ग्रामीण} सैम्फ्ल ग्रामों के चयित 54 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जा रहा है । इसके अन्तर्गत इन 54 सैम्फ्ल ग्रामों के लगभग 200330 व्यक्तियों को रखा गया है । इन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से प्राप्त होने वाले मासिक प्रतिवेदनों का प्रतिशत पिछले पांच वर्षों में 92·2 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक अलग-अलग रहा है । 1987 के दौरान 1214 मृत्युओं की सूचना दी गई थी जबकि 1988 में यह संख्या बढ़कर 1725 हो गई और 1991 में यह संख्या 1388 है । इसका ब्यौरा विवरण-56 में दिया गया है :

विवरण-56

राजस्थान में मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण : 1987-1991

वर्ष	प्रा0स्वा0 केन्द्रों की संख्या	सर्वेक्षण में सम्मिलित जनसंख्या 1990	मासिक प्रतिवेदनों की संख्या सम्भावित	प्राप्त	प्रतिशत	सूचित मृत्युओं की संख्या	चयित प्रा0स्वा0 केन्द्र के अनुसार मृत्युएं
1987	54		648	542	92·2	1214	22·5
1988	54		648	635	98·0	1725	31·9
1989	54		648	648	100·0	1414	26·2
1990	54		648	644	99·4	1380	25·6
1991	54	200330	648	623	96·2	1388	25·7

3·131 वर्ष 1987-1991 के सम्बन्ध में मुख्य कारण समूह के अनुसार मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण विवरण-57 में दिया गया है ।

3·132 "दुर्घटना एवं चोट" मुख्य कारण समूह के कारण 1991 में 6·9 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं जबकि 1987 में 6·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई थी । इस मुख्य कारण समूह में "वाहन दुर्घटना" एक अत्यन्त घातक कारण रहा है जिसके कारण 40·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं (सारणी-6)।

3·133 "ज्वर" मुख्य कारण समूह के कारण 1991 के दौरान 7·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई जबकि 1987 में 8·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी । "ज्वर" के अन्तर्गत टाइफाइड के कारण 48·5 प्रतिशत और अवर्गीकृत ज्वर के कारण 42·6 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

3·134 "पाचन क्रिया के विकार" मुख्य कारण समूह के कारण 1991 में 4·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में 5·0 प्रतिशत मृत्युएं होने की सूचना थी । इस मुख्य कारण समूह में मृत्युओं के मुख्य कारण गैस्ट्रोएन्ट्राइटिस के कारण 49·2 प्रतिशत और सख्त पेट दर्द के कारण 32·2 प्रतिशत मृत्युएं हुई ।

3·135 खांसी (श्वसन क्रिया के विकार) के कारण 1991 के दौरान 28·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई जबकि 1987 में 31·8 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी । इस कारण समूह के अन्तर्गत "निमोनिया" के कारण 40·3 प्रतिशत, "ब्रोंकाइटिस एवं अस्थमा" के कारण 34·0 प्रतिशत तथा "फेफड़ों के क्षय रोग" के कारण 24·5 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

3·136 "केन्द्रीय नाड़ी तन्त्र के विकार" के कारण 1991 में 2·2 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में 3·9 प्रतिशत मृत्युओं की सूचना थी । यदि इन मामलों को अलग-अलग देखें तो "लकवे" के कारण करीब 80·0 प्रतिशत और "मैनिनजाइटिस" के कारण 13·3 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

3·137 "रक्त-वह-तंत्र के रोग" के मुख्य कारण समूह के कारण 1991 के दौरान 8·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई जबकि 1987 में 7·4 प्रतिशत मृत्युएं हुई थी । इस मुख्य कारण समूह में विशिष्ट कारणों में "दिल के दौरे" के कारण 47·3 प्रतिशत तथा "एनीमिया" के कारण 41·1 प्रतिशत मृत्युएं हुई हैं ।

3·138 "अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग" के मुख्य कारण समूह के कारण 1991 में लगभग 5·0 प्रतिशत मृत्युएं सूचित की गई जबकि 1987 में 8·2 प्रतिशत मृत्युओं की सूचना थी । इस श्रेणी में "कैंसर" एक अत्यन्त घातक कारण रहा है जिसके कारण लगभग 35·7 प्रतिशत मृत्युएं हुई । चिकित्सीय रूप से प्रभावित अन्य मृत्युओं का प्रतिशत 14·3 रहा तथा "खसरे" से मरने वालों का प्रतिशत 12·9 रहा ।

विवरण - 57

1987-1991 के दौरान राजस्थान में मुख्य कारण समूह के अनुसार
मृत्युओं के प्रतिशत का वितरण

मुख्य कारण समूह	वर्ष				
	1987	1988	1989	1990	1991
1. दुर्घटना एवं चोट	6.2	5.3	6.7	6.4	6.9
2. शिशु जन्म एवं गर्भावस्था	1.3	1.1	1.7	1.7	1.4
3. ज्वर	8.1	8.7	6.9	6.7	7.3
4. पाचन क्रिया के विकार	5.0	7.0	4.3	5.2	4.2
5. खांसी {श्वसन क्रिया के विकार}	31.8	26.3	31.1	29.8	28.8
6. केन्द्रीय नाडी तंत्र के विकार	3.9	3.4	2.8	2.5	2.2
7. रक्त-वह-तंत्र के रोग	7.4	7.6	5.5	7.2	8.1
8. अन्य स्पष्ट लक्षणों के रोग	8.2	7.4	7.7	5.8	5.0
9. बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां	11.6	10.1	12.9	11.9	13.8
10. बुढ़ापा	16.6	23.1	20.3	22.8	22.3
कुल सूचित मृत्युओं की संख्या	1214	1725	1414	1380	1388
	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

